


नेशनल ब्लिट्ज चेस चैंपियनशिप 2024-25

## विजेताओं को 2.50 लाख की पुरस्कार राशि दी गई




**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय में हो रहे 'नेशनल ब्लिट्ज चेस चैंपियनशिप 2024-25' के चौथे एवं अंतिम दिन ग्यारहवें चक्र की समाप्ति के बाद प्रथम स्थान पर काबिज जीएम मित्राभा गुहा (रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड) को पुरस्कार स्वरूप 50,000 रुपए, द्वितीय स्थान हासिल करने वाले जीएम वी कार्तिक(आंध्र प्रदेश) को 40,000 रुपए, तृतीय स्थान पर जीएम एम प्रणेश (तमिलनाडु) को 30, 000 रुपए, चौथे स्थान पर आईएम एस नितिनको 25,000 रुपए और पांचवां स्थान हासिल करने वाले जीएम आर ऋत्विक को 20,000 रुपए की राशि मिली। इस अवसर पर आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में कुल दो लाख पचास हजार रुपए की ईनामी राशि दी गई। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा एवं सरला बिरला विश्वविद्यालय के महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक ने सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर ऑल इंडिया चेस फेडरेशन के सीईओ एके वर्मा समेत आयोजन संयोजक मनीष कुमार, सचिव नवजोत अलंग, मिथिलेश पांडेय, सुनील कालरा, राजेश सिंह, सुभाष शाहदेव, प्रकाश, राहुल रंजन, शुवेन्दु चक्रवर्ती एवं कोषाध्यक्ष सतीश कुमार समेत खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# वंचितों को न्याय दिलाने में सहायक बने डालसा : जस्टिस राव

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव ने कहा कि मुझे जानकर प्रसन्नता हो रही है कि झालसा जरूरतमंद लोगों को विधिक सहायता के माध्यम से न्याय प्रदान करने में अच्छा काम कर रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) विधिक सेवाएं प्रदान करने के लिए प्राथमिक संपर्क बिंदु है और जमीनी स्तर पर न्याय तक पहुंच प्रदान करने की आधारशिला है। डालसा उत्प्रेरक की भूमिका में वंचितों को न्याय दिलाने में सहायक बने। चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव रविवार को झालसा की ओर से आयोजित जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों की पांचवीं राज्यस्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे।

**झारखंड शीर्ष प्रदर्शन करनेवाला राज्य**

उन्होंने कहा कि झारखंड चौथी राष्ट्रीय लोक अदालत में 99.49 प्रतिशत की उच्चतम निपटान दर हासिल कर शीर्ष प्रदर्शन करने वाला राज्य बन गया है। यह हमारे विधिक सेवा कार्य बल द्वारा की जा रही लगातार कड़ी मेहनत को दर्शाता है तथा उनके योगदान का प्रमाण है। झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के अध्यक्ष के रूप में भाग ले रहे प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीशों से कहा कि वे संबंधित न्यायालयों पर यह प्रभाव डालें कि छोटे अपराधों में व्यक्ति को हिरासत में लेते समय यंत्रवत (मैकनिकली) रिमांड आदेश पारित न किया जाए। इससे पहले चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव ने वर्चुअल माध्यम से एमिटी लॉ स्कूल, एमिटी विश्वविद्यालय और इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज रांची विश्वविद्यालय में लीगल एड क्लिनिक का उद्घाटन किया।




### विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

इस कार्यक्रम में हाइकोर्ट के जस्टिस अनिल कुमार चौधरी, जस्टिस संजय द्विवेदी, जस्टिस दीपक रोशन के अलावा झारखंड के सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के अध्यक्ष एवं सचिव तथा एलएडीसी, मध्यस्थ एवं पीएलवी ने हिस्सा लिया। झालसा की सदस्य सचिव कुमारी रंजना अस्थाना ने धन्यवाद ज्ञापन किया। तकनीकी सत्र में एलएडीसीएस और पैनल प्रणाली के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण विधिक सहायता प्रदान करना, जेल के कैदियों को विधिक सहायता और जेलों में गतिविधियां तथा गिरफ्तारी से पूर्व, गिरफ्तारी और रिमांड चरण में विधिक सहायता प्रदान करने पर चर्चा की गई।

एक नजर

## विशाल पाड़िया को रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन ने दी बधाई



**रांची।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के सत्र -2025- 27 के प्रांतीय अध्यक्ष के चुनाव में विशाल पाड़िया ने जीत दर्ज की है। उनके झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय अध्यक्ष बनने पर रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने शुभकामनाएं दी है। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता संजय सर्राफ ने विशाल पाड़िया को बधाई देते हुए कहा है कि आपके कुशल नेतृत्व में न केवल मारवाड़ी युवा मंच झारखंड प्रांत मे बल्कि पूरा समाज प्रगति के नए आयाम स्थापित करेगा।आपका दूरदर्शी मार्गदर्शन संगठन को सामाजिक सेवा, सांस्कृतिक समृद्धि और युवा सशक्तिकरण की दिशा में नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। हम सबों को पूर्ण विश्वास है कि आपके नेतृत्व में मंच संगठित होकर समाज सेवा के क्षेत्र में अद्वितीय योगदान देगा और नई प्रेरणाएँ स्थापित करेगा। बधाई देने वालों में-रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के निवर्तमान अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल, अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार, महामंत्री विनोद कुमार जैन, ओम प्रकाश अग्रवाल, राजेंद्र केडिया, पवन पोद्दार, पवन शर्मा, किशन साबू, प्रमोद अग्रवाल, मनोज चौधरी, कमलेश संचेती, कौशल राजगढ़िया, अनिल अग्रवाल, सज्जन पाड़िया, बबलू हरित, प्रमोद सारस्वत, अंजय सरावगी, रमण वोडा, विकास अग्रवाल आदि शामिल हैं।

## छोटानागपुर के प्रेरित फादर कांस्टेंट लीवंस के आगमन की 140वीं वर्षगांठ मनी




**रांची।** राजधानी रांची के जमगाईं गांव में स्थित तीर्थस्थल पर रविवार को छोटानागपुर के प्रेरित फादर कांस्टेंट लीवंस के आगमन की 140वीं वर्षगांठ पर कार्यक्रम हुआ। यह तीर्थ ईश सेवक फादर कांस्टेंट लीवंस की स्मृति में बना है। रांची महाधर्मप्रांत के आर्चबिशप विसेंट आईंद की आगुवाई में समारोही मिस्सा बलिदान अर्पित किया गया। आर्चबिशप ने कहा कि छोटानागपुर के प्रेरित ईश सेवक फादर कांस्टेंट लीवंस ने एक मिशनरी बनकर शिक्षा, न्याय और विश्वास की आग जलाई। उन्होंने आग जलती रहे का नारा दिया। उस आग को हमारे जीवन में जलाए रखने की जिम्मेदारी हम सभी की है। आर्चबिशप ने कहा कि फादर कांस्टेंट के आगमन से ही हमारे आदिवासियों की जमीन बची रही। हम शिक्षित हो पाए हैं और अपना अस्तित्व संभाल कर रख पाने में सक्षम हुए हैं। समारोह में बड़ी संख्या में विश्वासी तीर्थयात्री के रूप में आए और प्रार्थना समारोह में शामिल हुए। तीर्थस्थल पर तीर्थयात्रियों के लिए पाप स्वीकार संस्कार भी हुआ। इसमें लोगों ने अपने पापों की क्षमा के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर सोसाइटी ऑफ जीसस के प्रोविंशियल फादर अजीत कुमार खेस्स, टीओआर रांची के प्रोविंशियल फादर मनोज वेंगातनम, हुलहुंडू के पल्ली पुरोहित फादर विंसेंट मिंज, तीर्थस्थल के निदेशक फादर एडविन मिंज आदि उपस्थित थे।

श्रीराम कथा के सातवें दिन शबरी प्रसंग को सुनाया गया

## सच्ची भक्ति और निष्ठा का कोई मूल्य नहीं : संगीता किशोरी

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** हुटुप गौशाला धाम में चल रही नौ दिवसीय श्री राम कथा के सातवें दिन प्रसिद्ध कथावाचक संगीता किशोरी ने शबरी प्रसंग पर एक अत्यंत मार्मिक और सुंदर कथा का वाचन किया। कथा के दौरान संगीता किशोरी ने शबरी के जीवन के संघर्ष, उनकी साधना और भगवान श्रीराम के प्रति उनकी अपार श्रद्धा को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। कथा के दौरान यह बात विशेष रूप से उल्लेखनीय रही कि श्रीराम ने शबरी के साथ जो प्रेम और स्नेह व्यक्त किया, वह समाज में व्याप्त जातिवाद और भेदभाव से ऊपर था। भगवान श्रीराम ने शबरी के झूठे बेर भी आनंदपूर्वक खाए और यह संदेश दिया कि सच्ची भक्ति और निष्ठा का कोई मूल्य नहीं, न ही जात-पात का कोई भेद।

शबरी के प्रति श्रीराम का यह आचरण सभी के लिए एक अमूल्य शिक्षा है कि ईश्वर के दरबार में सभी समान हैं। इस सुंदर कथा के साथ ही आज भंडारा महाप्रसाद का आयोजन भी किया गया, जिसमें 2500 से भी अधिक श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि कार्यक्रम के संयोजक वासुदेव भाला, मुकेश काबरा, पुनीत पोद्दार, अजय मारू, महावीर सोमानी, बिल्लू सोमानी, मुरारी अग्रवाल, नारायण चौधरी, प्रेम प्रकाश अग्रवाल, शत्रुघ्न गुप्ता, प्रेम चौधरी, प्रकाश काबरा, विष्णु जालान, भगवती प्रसाद, सुरेश शारदा, इत्यादि के अलावे हजारों ग्रामीणों ने कथा का श्रवण किया। 24 मार्च को आठवें दिन श्री राम कथा में श्री राम राज्याभिषेक पर प्रसंग होगा।

## किसानों के लिए अतिरिक्त आय का प्रमुख साधन है मधुमक्खी पालन

**रांची।** मधुमक्खी पालन किसानों के लिए अतिरिक्त आय का प्रमुख साधन हो सकता है। आकर्षक और लाभदायक व्यवसाय के रूप में मधुमक्खी पालन से खेती में भी अपेक्षित सहयोग मिलता है। परागण की वजह से फसलों की उत्पादकता बढ़ती है और मधुमक्खी पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने में मदद करती है। मोरहाबादी के रामकृष्ण मिशन आश्रम के दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र में रविवार को राष्ट्रीय मधुमक्खी बोर्ड की ओर से आयोजित सात दिनी प्रशिक्षण शिविर के समापन पर आयोजित समारोह में विशेषज्ञों ने किसानों को इसकी जानकारी दी। केवीके के वरीय वैज्ञानिक डॉ अजीत सिंह ने बताया कि किसानों को मधुमक्खी पालन की तकनीक, देखभाल, सुरक्षा एवं बाजार की बुनियादी जानकारी दी गई।

रांची में इमका मीट संपन्न

## जमशेदपुर एसएसपी किशोर कौशल बने झारखंड चैप्टर के नए अध्यक्ष



**रांची।** आईआईएमसी एलुमनी एसोसिएशन के वार्षिक उत्सव कनेक्शन्स-2025 के झारखंड चैप्टर की मीट रांची में संपन्न हुई। इस खास मौके पर झारखंड के विभिन्न जिलों में कार्यरत संस्थान के पूर्व छात्र एक-दूसरे से मिले और संस्थान से जुड़ी अपनी यादों को ताजा किया। इस कार्यक्रम में जमशेदपुर के एसएसपी किशोर कौशल को सर्वसम्मति से झारखंड चैप्टर का नया अध्यक्ष चुना गया।

● **इमका एक परिवार की तरह : किशोर कौशल**

इस मौके पर जमशेदपुर के एसएसपी किशोर कौशल ने कहा कि इमका एक परिवार की तरह है। आपस में मिलते रहने से हम एक-दूसरे के साथ अपना सुख-दुःख साझा कर पाते हैं। मीट में आए एलुमनी के सदस्यों ने इस मौके पर खास प्रस्तुति दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता चैप्टर की निवर्तमान महासचिव मनीषा सिंह ने की। इस कार्यक्रम में दिल्ली से एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष प्रसाद सान्याल, कार्यकारी अध्यक्ष मनीष गुप्ता के अलावा रीतेश वर्मा और बद्रीनाथ ने भाग लिया। सीयूजे में सहायक प्राध्यापक डॉ राजेश कुमार ने मंच संचालन किया।

## रांची सिटीजन फोरम की बैठक वार्ड नंबर 20 में हुई



**रांची।** रांची सिटीजन फोरम के वरीय पदाधिकारियों की बैठक अध्यक्ष दीपेश कुमार निराला की अध्यक्षता में हुई। बैठक में अब तक फोरम से जुड़े 12778 सदस्यों की पुष्टि हुई। सचिव रेणुका तिवारी ने बताया कि रांची नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न समस्याएं जैसे जलजमाव की समस्या, स्ट्रीट लाइट की समस्या, टूटे-फूटे सड़क, कूड़े कचरे का नियमित सफाई न होना, गंदी और भरी हुई नालियां, सड़क जाम, जैसे दर्जनों समस्याओं हैं, जिनसे रांचीवासी प्रतिदिन जूझ रहे हैं। उपाध्यक्ष उमाशंकर सिंह ने उक्त समस्याओं के समाधान निकालने पर चर्चा की और इसके मद्देनजर वार्ड का दौरा करने का सुझाव दिया। संयुक्त सचिव हरीश नागपाल ने रांची नगर निगम और नगर विकास विभाग के साथ पत्राचार करने की बात कही। संयुक्त सचिव सुशील शर्मा ने लालजी हिरजी रोड की बुरी स्थिति से पदाधिकारियों को अवगत कराया और कहा कि अपर बाजार के कई गलियों की सड़क क्षतिग्रस्त है, जिसका मरम्मत करवाया जाना बहुत जरूरी है। उक्त आलोक में अध्यक्ष दीपेश कुमार निराला ने कहा कि रांची सिटीजन फोरम 10 अप्रैल के बाद सभी वार्ड का दौरा करेगी और वहां के लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं से रू-ब-रू होगी। मृदुला संतोष ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## सरहुल पूजा की तैयारी को लेकर बैठक, फूलचंद बने अध्यक्ष

**रांची।** अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद की बैठक रविवार को कचहरी चौक स्थित आरआइटी भवन में हुई। इस दौरान सरहुल पूजा धूमधाम से मनाने पर चर्चा हुई। इसके अलावा केंद्रीय सरना समिति का कार्यकाल समाप्त होने पर नई समिति का गठन किया गया। इसमें अध्यक्ष फूलचंद तिर्की, उपाध्यक्ष प्रमोद एक्का, सहाय तिर्की, महासचिव संजय तिर्की, सचिव विनय उरांव, पंचम तिर्की, कोषाध्यक्ष सोहन कच्छप को चुना गया। कार्यकरिणी समिति के सदस्यों का भी चयन किया गया। चयन होने पर सभी को फूल माला देकर बधाई दी गई। मौके पर सुरेंद्र मुंडा, शंकर लोहरा, दीनू उरांव, किशन लोहार, सोमरा उरांव, अनूप मुंडा, भुवनेश्वर लोहार, बलकू उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

आदर्श सामूहिक विवाह समारोह संपन्न

## 41 दिव्यांग व निर्धन जोड़े एक दूजे के बंधन में बंधे



**रांची।** लायंस क्लब ऑफ रांची द्वारा विश्व हिंदू परिषद झारखंड सेवा विभाग के सहयोग से राणी सती मंदिर स्थित हनुमान बक्श पोद्दार सत्संग भवन में 41 जोड़ियों का आदर्श सामूहिक विवाह समारोह संपन्न हुआ। लायंस क्लब के अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह एवं विवाह समारोह के संयोजक राजेश कुमार चौधरी के देखरेख मे सभी कन्याओं का विवाह सनातन वैदिक रीति से पंडित श्याम सुन्दर भारद्वाज द्वारा संपन्न कराया गया। जिसमें 11 पंडितों की टीम ने सहयोग प्रदान किया। सुबह 10 बजे बारात निकाली गई एवं वरमाला का कार्यक्रम हुआ। शाम 5 बजे विदाई हुई।

बिहार दिवस पर प्रेस क्लब में सेमिनार आयोजित

## शाहाबाद का झारखंड से अटूट संबंध है : न्यायमूर्ति

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** बिहार के शाहाबाद प्रक्षेत्र से झारखंड राज्य का अटूट संबंध आदिकाल से हीं रहा है और झारखंड के नवनिर्माण में भी शाहाबाद के लोगों ने महती भूमिका निभाई है, जिसे कोई नजर अंदाज नहीं कर सकता है। उक्त बातें रांची उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश एसके पाठक ने बिहार दिवस के अवसर पर शनिवार की देर शाम प्रेस क्लब रांची में शाहाबाद का गौरवशाली इतिहास और झारखंड से सम्बंध" विषय पर आयोजित सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कही। उन्होंने कहा कि झारखंड के बहुसंख्यक उरांव समुदाय के लोगों के पूर्वज रोहतास गढ़ किला से निकल कर हीं झारखंड सहित देश के अन्य में फैले हैं। न्यायमूर्ति पाठक ने कहा कि नागपुरी भाषा और भोजपुरी भाषा में भी बहुत समानता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शाहाबाद महोत्सव आयोजन समिति के संयोजक अखिलेश कुमार ने झारखंड से शाहाबाद के संबंधों का विस्तार से चर्चा की तथा उरांव समुदाय के वर्तमान अस्तित्व के लिए आदिवासी विरांगना सिगनी दई तथा कैइली दई का इतिहास में उपेक्षा पर चिंता जताई।

## पहाड़ी मंदिर में सरना झंडा बदली अनुष्ठान, ढोल-नगाड़े के साथ हुई पूजा

**रांची।** केंद्रीय सरना समिति (अजय तिर्की गुट) ने पहाड़ी मंदिर परिसर (फांसी टुंगरी) में सरना जंडा बदली का आयोजन किया। समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की की अगुवाई में बड़ी संख्या में लोगों ने पहाड़ की चोटी पर विशाल सरना झंडा स्थापित किया। इस दौरान मानव जाति, वनस्पति, जीव-जंतु, पेड़-पौधों, नदी-नाला और पहाड़ में रहनेवाले सभी के लिए सुख, समृद्ध और शांति की विनती की गई।

**फांसी टुंगरी हमारे पूर्वजों का पूजा स्थल**

अजय तिर्की ने बताया कि फांसी टुंगरी हमारे पूर्वजों का पूजा स्थल है। यहां पहले स्व बुधवा पाहन पूजा करते थे।। यहां के सरना धर्मावलंबी आज भी उनके पदचिह्नों पर चल रहे हैं। इस अवसर पर उन्होंने केंद्र सरकार से सरना धर्म कोड लागू करने की मांग की।

प्रदेश सरना धर्मगुरु राजेश लिंडा ने कहा कि सरहुल महापर्व में आदिवासी समाज अपने आंगन में सरना झंडा लगाए। समिति के महासचिव रूपचंद तिर्की ने कहा कि आदिवासी समुदाय को अपने पर्व-त्योहार को विधि पूर्वक निभाना है। हरेक गुरुवार सरना पूजा स्थल पर प्रार्थना करने जाएं। इस अवसर पर राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा के अध्यक्ष नीरज मुंडा, आदिवासी छात्र संगठन के अध्यक्ष रवि मुंडा, सिल्ली धर्म गुरु गोंदरा उरांव, हजारीबाग सरना धर्म गुरु पवन तिर्की आदि उपस्थित थे।

आज / कल




# श्री राधा- कृष्ण मंदिर में महाप्रसाद का हुआ वितरण

● 2500 से भी अधिक श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** पुंदाग में श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में 199 वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का आयोजन किया गया है। ट्रस्ट ने समाज सेवी वरिष्ठ सदस्य चुक्की देवी गाडोदिया उनके पौत्र राहुल गाडोदिया विभोर गाडोदिया एवं उनके परिवार के सौजन्य से तथा श्री कृष्ण प्रणामी के सदस्यों के द्वारा अन्नपूर्णा महाप्रसाद भंडारे में पूड़ी- आलू चना टमाटर मिश्रित सब्जी, केसरिया खीर, वेजिटेबल पुलाव एवं केसरिया जलेबी का वितरण किया गया। अन्नपूर्णा महाप्रसाद 2500 से भी अधिक श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया। अन्नपूर्णा महाप्रसाद का विधिवत भोग पुजारी अरविंद पांडे द्वारा लगाया गया।

तत्पश्चात भव्य भजन संकीर्तन का संजीवनी सखी ग्रुप के द्वारा आयोजन हुआ। भजन गायन में संजीवनी सखी ग्रुप की संस्थापिका पूनम बाला, रागिनी जयसवाल, शिवानी सिंह ढोलक बजाने में धर्मेन्द्र राय एवं निर्मल जालान ने अपने मनमोहक सुमधुर भजनों की अमृत गंगा का रसपान कराते हुए श्रोताओं को खूब झुमाया। ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष निर्मल जालान एवं राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल की देखरेख में जरूरतमंदों अभावग्रस्त ग्रामीणों एवं मंदिर के आसपास रहने वाले श्रद्धालुओं को अन्नापूर्णा भंडारे का भोजन कराकर नरसेवा की गई। ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने. बताया कि संस्था द्वारा श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर मे आज 199 वें अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का आयोजन था।आज सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। तथा भगवान श्री राधा कृष्ण मंदिर मे लगभग 5 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।

## एक नजर

### अखिल भारतीय धोबी समाज के प्रदेश अध्यक्ष बने सुरेश बैठा


**खलारी।** अखिल भारतीय धोबी समाज की बैठक में विधायक सुरेश कुमार बैठा को सर्वसम्मति से अखिल भारतीय धोबी समाज का झारखंड प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। सुरेशकुमार बैठा ने कहा कि समाज ने जो दायित्व दिया है, उसे निभाते हुए सभी जिलों का दौरा कर संगठन को मजबूत करेंगे। विधायक को बधाई देने वालों में मोनू रजक, नरेश सेठ सुखराम सेठ, स्वरूप बैठा, कृष्ण रजक, विजय रजक, भरत रजक, राजेंद्र रजक, जीवन रजक, रंजीत रजक, नरेश रजक, मनोज बैठा, शिवदयाल बैठा, इंदिरा तुरी, राजेशसिंह मिंटू, साबिर अंसारी, रोशन लाल, तनवीर आलम, गोपाल सिंह, विक्की सिंह, वीरेंद्र यादव, रमेश चौहान, बाबू खान, राजा केसरी, मनोज यादव, प्रकाश कुजूर आदि शामिल हैं।

### खलारी में 517 परीक्षार्थी ने दी साक्षरता परीक्षा

**खलारी।** नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत खलारी प्रखंड में साक्षरता परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 570 नवसाक्षर परीक्षार्थी में 517 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। इनमें 429 महिला व 88 पुरुष परीक्षार्थी शामिल थे। इस क्रम में उमवि महावीर नगर में प्रधानाचार्य रंथु साहु की उपस्थिति में नव भारत साक्षरता कार्यक्रम में कुल 41 परीक्षार्थियों में 35 महिला व 6 पुरुष परीक्षा में शामिल हुए। इस विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया जिसमें महावीर नगर से 33 व बलथरवा से 8 परीक्षार्थी शामिल हुए। रंथु साहु ने कहा कि इस परीक्षा का मूल उद्देश्य 15 वर्ष से अधिक उम्र के सभी वयस्कों को सशक्त बनाने हेतु, जिन्हें स्वयं को शिक्षित करने का अवसर नहीं मिला, उन्हें अपने देश के विकास में योगदान करने में सक्षम बनाना है।

मंत्री ने खूंटी जिले के डोंबारी बुरु उलिहातु चलकद का किया भ्रमण, कहा

# पर्यटन कॉरिडोर बनने से क्षेत्र के लोगों में आर्थिक संपन्नता आएगी



**नवीन मेल संवाददाता। अड़की** झारखण्ड सरकार के नगर विकास आवास निर्माण उच्च शिक्षा, पर्यटन,कला संस्कृति, खेलकूद विभाग के मंत्री सुदीप्त कुमार सोनू ने रविवार को पर्यटन कॉरिडोर हेतु खूंटी जिले के डोमबारी बुरु ,उलिहातु, चलकद , बिरबाकी, डोल्डा आदि स्थानों का भ्रमण किया। इस दौरान वह सर्वप्रथम डोमारी बुरु शहीद स्थल पहुंचने के बाद उलिहातु पहुंचे और विरसा ओडा उलिहातु में पारंपरिक विधि विधान से पूजा अर्चना की एवं बिरसा मुंडा के मूर्ति पर माल्यार्पण किया। मंत्री सुदीप्त कुमार सोनू ने पत्रकारों से कहा कि खूंटी जिला झारखंड के सबसे खूबसूरत जगहों में से एक है, जहां वीर बिरसा जैसे महान क्रांतिकारी जन्म लिए। इस जगह को पर्यटन कॉरिडोर के रूप में विकसित करना सरकार का लक्ष्य है। अब हर वर्ष भगवान बिरसा के जन्म दिवस पर उलिहातु में एवं 9 जनवरी डोमबारी बुरु शहीद दिवस पर सरकार भव्य आयोजन करेगी। उन्होंने आगे कहा कि पर्यटन कॉरिडोर बनने से क्षेत्र के लोगो को रोजगार एवं आर्थिक संपन्नता आएगी, जो क्षेत्र के विकास के लिए काफी अहम है। इस दौरान मंत्री सुदीप्त कुमार सोनू के साथ तमाड़ विधायक विकास मुंडा, खूंटी विधायक रामशुर्या मुंडा, तोरपा विधायक सुदीप गड़िया, पर्यटन सचिव अंजली यादव, उपयुक्त लोकेश मिश्रा, एसडीएम दीपेश कुमारी, एसपी अमन कुमार, बीडीओ अड़की गणेश महतो, सीओ तृप्ति विजया कुजूर तथा अड़की के स्थानीय कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### रग्बी चैंपियनशिप में कैथरीन अकादमी और डॉन बोस्को बिचना बने विजेता

**खूंटी।** झारखंड रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन और खूंटी जिला रग्बी संघ के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को स्थानीय लोयोला हाई स्कूल मैदान में इंटर स्कूल अंडर 12 बालक और बालिका रग्बी चौंपियनशिप का आयोजन किया गया। इसमें खूंटी, रांची, धनबाद तथा गोड्डा जिला की कुल 16 टीमों ने भाग लिया। बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में डॉन बॉस्को बिचना की टीम ने संत जेवियर बुंडू की टीम को 10-5 के स्कोर से पराजित कर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। संत जेवियर बुंडू की टीम उपविजेता रही जबकि तीसरा स्थान बिशप वेस्टकॉट सायको की टीम को मिला।

## न्यूज बॉक्स

### पत्नी ने लगाया पति की हत्या का आरोप, थाना में दिया आवेदन

**बिरनी।** 19 मार्च को बिरनी थाना क्षेत्र के माखमरगो पंचायत भवन के पास हुई ट्रैक्टर चालक एतवारी साव की मौत के मामले में उनकी पत्नी उमा देवी ने थाना में आवेदन देकर जितकुंडी निवासी देवेंद्र साव, थाम्बी साव, और खिरोघर साव पर हत्या का आरोप लगाया है। उमा देवी का कहना है कि उनके पति की मृत्यु ट्रैक्टर से गिरने के कारण नहीं, बल्कि आरोपितों द्वारा ट्रैक्टर का पीछा कर रॉड से माथे पर वार करने के कारण हुई थी, जिससे वे ट्रैक्टर चलाते हुए गिर पड़े और ट्रैक्टर माखमरगो पंचायत भवन से टकराकर बंद हो गया। उमा देवी ने बताया कि उनके पति ने थाम्बी साव से ट्रैक्टर का टायर खरीदा था, जो कुछ दिनों में ही खराब हो गया। टायर वापस करने के बावजूद, थाम्बी साव पैसे की मांग कर रहे थे। 19 मार्च को, थाम्बी साव और अन्य लोगों ने ट्रैक्टर को रोककर पैसे की मांग की। जब एतवारी साव ने कहा कि कोई पैसा बकाया नहीं है, तो थाम्बी साव ने धमकी दी कि वे उनकी चमड़ी से पैसा वसूल लेंगे। जैसे ही एतवारी साव ने ट्रैक्टर आगे बढ़ाया, आरोपितों ने टायर खोलने वाले रॉड से उन पर हमला किया। ट्रैक्टर के स्टीयरिंग और अन्य स्थानों पर खून के निशान साक्ष्य के रूप में देखे जा सकते हैं, और जितकुंडी पुल के पास टाइल्स की दुकान का सीसीटीवी फुटेज भी जांचा जा सकता है।

### चौथी राज्य महिला ताइक्वांडो प्रतियोगिता का हुआ उद्घाटन



**रांची।** रांची जिला ताइक्वांडो संघ के द्वारा वाईबीएन पब्लिक स्कूल धुर्वा सेक्टर- 2 में चौथी झारखंड राज्य महिला ताइक्वांडो प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन 22-23 मार्च को किया गया। इस प्रतियोगिता में झारखंड से लगभग 360 महिला ताइक्वांडो खिलाड़ी, कोच, मैनेजर ने भाग लिया।प्रतियोगिता का उद्घाटन झारखंड राज्य युवा बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि कुमार गौरव, विशिष्ट अतिथि महिला क्षत्रीय महासभा की कार्यकारी अध्यक्ष मनीषा सिंह, राष्ट्रीय जनता दल की उपाध्यक्ष अनीता यादव, भारतीय ताइक्वांडो महासंघ के महासचिव प्रभात कुमार शर्मा, झारखंड ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष गोपाल कुमार, झारखंड ताइक्वांडो संघ के महासचिव संजय कुमार शर्मा एवं झारखंड ताइक्वांडो संघ के उपाध्यक्ष एवं रांची जिला ताइक्वांडो संघ के महासचिव सह आयोजन सचिव मिथिलेश कुमार सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। प्रतियोगिता में मेडल तालिका में रांची जिला प्रथम स्थान पर एवं पूर्वी सिंहभूम दूसरे स्थान पर समाचार लिखे जाने तक चल रहे थे। उद्घाटन समारोह में मंच संचालन की भूमिका अनंतनाग चंदन के द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल लाने वाले खिलाड़ी देहरादून में होने वाले आगामी नेशनल प्रतियोगिता में झारखंड टीम के तरफ से भाग लेंगे।

### रांची जिला वॉलीबॉल लीग फिर से हुआ आरंभ



**रांची।** लगातार दो दिनों के व्यवधान–21 मार्च को बारिश और 22 मार्च को आदिवासी संगठनों के बंद–के बाद, रांची जिला वॉलीबॉल लीग रविवार से प्रारंभ हुआ। प्रतियोगिता के कुल 9 मैच खेले गए, जिनका संचालन अंतरराष्ट्रीय रेफरी संजय कुमार, राष्ट्रीय रेफरी अजय किस्पोट्टा, अरघु कांजीलाल, देवनाथ यादव और अमन कुमार ने किया। इस अवसर पर झारखंड वॉलीबॉल संघ के कोषाध्यक्ष उत्तम राज, रांची जिला वॉलीबॉल संघ के कार्यकारी अध्यक्ष विकास वर्मा, वरिष्ठ खिलाड़ी प्रदीप भंडारी, कमलेश होता, भोला प्रताप सिंह, अमरजीत सिंह खरे, रविंद्र ठाकुर, नारायण घोष और सुनिर्मल बोस भी उपस्थित रहे।

### विवेकानंद विद्या मंदिर 75 रनों से जीता

**रांची।** वेंचर स्किल अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट गोलचक्कर मैदान में डीएवी हेहल बनाम विवेकानन्द विद्या मंदिर के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी विवेकानन्द विद्या मंदिर की टीम ने 15 ओवर में पांच विकेट पर 141 रन बनाया। यशराज सिंह ने 49, प्रिंस कुमार ने 32 व हर्ष स्वासी ने 28 रन बनाया। उत्तर अग्रवाल ने 2 विकेट लेकर 22 दिया। वहीं यशवंत, प्रिंस कुमार व अभिषेक ने 1 विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी डीएवी हेहल की टीम ने 15 ओवर में सात विकेट पर 66 रन बनाया। प्रणय राज ने सर्वाधिक 29 रन बनाया। हर्ष स्वासी, आरव सिन्हा व रोहित राज ने 2-2 विकेट लिया। यशराज सिंह ने 1 विकेट लेकर 12 रन दिया। विवेकानंद विद्या मंदिर 75 रन से जीता।

### यौन शोषण के मामले में युवक गिरफ्तार

**चान्हो।** शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने के मामले में चान्हो पुलिस ने 25 वर्षीय एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी चंदन कुमार गुप्ता ने रविवार शाम 5 बजे जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र की एक युवती के साथ पिछले 6 वर्षों से हर्रा के मिथिलेश गोप नामक युवक लगातार यौन शोषण कर रहा था। तभी पीड़िता के द्वारा शादी करने का दबाव डालने पर युवक ने शादी से इनकार कर दिया। जिसके बाद युवती ने शनिवार को चान्हो थाने में मामला दर्ज कराया था। जिसके आधार पर पुलिस तत्काल कार्रवाई करते हुए युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

निरक्षर से साक्षर बनने के लिए महिलाओं ने दिखाई रुचि

# नव भारत साक्षरता मिशन कार्यक्रम की परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग** 'उल्लास' नव भारत साक्षरता मिशन कार्यक्रम के तहत लापुंग प्रखंड में 65 अलग-अलग जन चेतना केंद्रों पर 18 से 50 वर्ष के असाक्षरों के लिए परीक्षा आयोजित की गई। इस दौरान निरक्षर से साक्षर बनने के लिए महिलाओं ने अधिक रुचि दिखाई। परीक्षा में उनकी संख्या पुरुषों से लगभग दुगुना या उससे भी अधिक थी। रांची जिला नवभारत साक्षरता समिति एवं झारखंड राज्य साक्षरता मिशन के तत्वाधान में परीक्षा का आयोजन लापुंग प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय डाडी, राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय सरसा, राजकीय मध्य विद्यालय ककरिया, राजकीय मध्य विद्यालय लापुंग, राजकीय मध्य विद्यालय लेटे, राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय लतरातु, राजकीय प्राथमिक विद्यालय बलांदु सहित दर्जनों स्कूलों में रविवार को 10:00 बजे से परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा के दौरान विद्यालय प्रबंधन समिति के असाक्षर सदस्यों एवं माता समिति के सदस्यों सहित गांव के असाक्षरों ने काफी उत्साह और उल्लास के साथ परीक्षा दिया। परीक्षा के दौरान महिलाओं की उपस्थिति अधिक देखी गई। कई महिलाएं गोद में बच्चा लेकर परीक्षा देती देखी गईं। इस मौके पर संकुल साधन सेवी सुनील कुमार गुप्ता, चंद्रमोहन ठाकुर, मनोज कुमार साहु, अजीत कुमार सिंह, मंटु कुमार साहु, बीआरपी लालकेश्वर यादव ने परीक्षा के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जबकि पूरे प्रखंड में परीक्षा की निगरानी एवं व्यवस्था संभाल रहे रिसोर्स शिक्षक लाल मिथिलेश कुमार सिंह और कंप्यूटर ऑपरेटर फ्रांसिस पन्ना सहित बीपीओ लीलावती तिर्की ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### गूंगरू पहाड़ के ऊंची चोटी पर महावीरी पताका गाड़ा गया



**सिल्ली ।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत बंता गांव के युवाओं ने रामनवमी को लेकर गूंगरू पहाड़ की ऊंची चोटी पर महावीरी पताका को गाड़ा है। युवाओं ने सनातनियों से कहा कि अब प्रतिवर्ष जय श्री राम का झंडा पहाड़ी पर गाड़ते रहेंगे। मौके पर भीम प्रजापति, प्रकाश बड़ाइक, विकाश रजक, राजेश सोनार, रजत गुप्ता, राहुल सिंह मुंडा, सूरज सिंह मुंडा, पाकू सिंह मुंडा, सुनील कुमार प्रजापति, प्रकाश प्रजापति, आदर्श सोनी, प्रिंस गुप्ता, नीरज महती आदि शामिल थे।

# बलिदान दिवस पर भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु को दी गई श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** आदिवासी मूलवासी संघर्ष समिति खलारी के तत्वाधान में खलारी बाजारटांड़ शांति नगर में बलिदानी भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरू का बलिदान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम को सुचारू करने के लिए अध्यक्ष मंडली का चुनाव किया गया। जिसमें विक्रम सिंह, शत्रुधन मुंडा, अख्तर खान, मनोज मुंडा, हैदर खान मंडली के सदस्य चुने गए। उपस्थित लोगों ने वीर बलिदानियों के सम्मान में दो मिनट का मौन रखा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अशोक राम, विक्रम सिंह ने बलिदानियों के विचारों को सबके समक्ष रखा। सभी ने भगत सिंह के समाजवादी समाज के स्थापना के सपनों को पूरा करने, उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रण लिया। कहा कि पूंजीवादी तथा साम्राज्यवादी व्यवस्था को उखाड़ फेकने व मजदूर मेहनतकस किसान का शासन स्थापित करने की आवश्यकता आ पड़ी है। मौके पर सुधीर मुंडा, रामेश्वर गंझू, शकुन्ति देवी, टिकटिकी देवी, बुधनी देवी, संतोषी देवी, रंजती देवी, मुनिया देवी, रानी कुमारी, जितनी कुमारी, किशुन भुइयां आदि उपस्थित थे।

# मारवाड़ी युवा मंच, झारखंड प्रांत के नए अध्यक्ष बने विशाल पाडिया

मंडल उपाध्यक्ष -1 पद पर आसीन हुए आशीष अग्रवाल





**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर** मारवाड़ी युवा मंच, झारखंड प्रांत के प्रांतीय चुनाव रविवार को जमशेदपुर में संपन्न हुए। इस चुनाव में विशाल पाडिया को प्रांत अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित किया गया, जबकि आशीष अग्रवाल को मंडल उपाध्यक्ष - 1 के रूप में चुना गया। प्रांत अध्यक्ष पद के लिए दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक मतदान हुआ, जिसमें मंच के सदस्यों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। इस पद के लिए कुल 4 प्रत्याशी मैदान में थे, जिनमें विशाल पाडिया को 87 मतों से विजय मिली। वहीं, मंडल उपाध्यक्ष - 1 पद के लिए कोई अन्य उम्मीदवार न होने के कारण आशीष अग्रवाल निर्विरोध चुने गए। नवनिर्वाचित प्रांत अध्यक्ष विशाल पाडिया ने अपने संबोधन में कहा, मारवाड़ी युवा मंच के उद्देश्यों को और आगे बढ़ाने के लिए मैं संकल्पित हूं। हम समाजसेवा, युवा सशक्तिकरण और संगठन की मजबूती के लिए कार्य करते रहेंगे। वहीं, मंडल उपाध्यक्ष - 1 आशीष अग्रवाल ने कहा, मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे मैं पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाऊंगा। संगठन की एकता और विकास के लिए हम सभी मिलकर कार्य करेंगे। मारवाड़ी युवा मंच, झारखंड प्रांत के इस चुनाव में सभी सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत नए नेतृत्व का चयन किया। मंच के सभी सदस्यों ने विजेताओं को बधाई दी और उनके नेतृत्व में संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की आशा व्यक्त की। उक्त जानकारी युवा मंच के प्रवक्ता राघव जालान ने दी।

### सामुदायिक अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन

**सिल्ली।** शहीद भगत सिंह मंच ने सिंगपुर नर्सिंग होम तथा सदर अस्पताल रांची के संयुक्त तत्वाधान में सामुदायिक अस्पताल सिल्ली में रविवार के दिन रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 50 लोगों ने रक्तदान किया। मौके पर सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर समेत थाना के कर्मचारियों ने भी रक्तदान किया। थाना प्रभारी ने रक्तदान के बाद कहा की रक्तदान एक महादान है साथ ही मुरी ओपी के जवानों ने भी रक्तदान किया। कार्यक्रम के दौरान सिंगपुर नर्सिंग होम के संचालक डॉ रमनेश प्रसाद ने बताया कि रक्तदान एक सुरक्षित और सरल प्रक्रिया है। मानव जीवन को बचाने के लिए रक्तदान एक अत्यधिक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। वहीं सामुदायिक अस्पताल सिल्ली की प्रभारी चिकित्सक डॉक्टर प्रियंका सिन्हा ने कहा कि समाज में रक्त की कमी को पूरा करने के लिए नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान के बाद रक्तदाता के शरीर में नई कोशिकाओं का निर्माण होता है।

### झारखंड इंटर स्कूल एंड कॉलेज कराटे चैंपियनशिप शुरू



**रांची।** सिकोकई कराटे इंटरनेशनल झारखंड एवं इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी (इमा) के संयुक्त तत्वाधान में रांची के संत जोसेफ क्लब की मेजबानी में इमा कप इंटर स्कूल एंड कॉलेज कराटे चैंपियनशिप शुरू हुआ। प्रतियोगिता के पहले दिन रांची के खिलाड़ियों ने अपने उम्दा प्रदर्शन से 18 स्वर्ण पदक जीत कर दबदबा बनाया। इससे पूर्व प्रतियोगिता का उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व उप महापौर अजयनाथ शहदेव, विशिष्ट अतिथि शाल्बी डिवाइन सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. डेयोनिस खेस और कराटे इंडिया ऑगेर्नाइजेशन के ट्राईबल एंड माइनॉरिटी डेवलपमेंट कमीशन के चेरमैन सह इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के तकनीकी निदेशक शिहान सुनील किस्पोट्टा ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिता का संचालन कराटे इंडिया ऑगेर्नाइजेशन के जज एवं रेफरी बिजय कुमार रोहित राज अंकित गोस्वामी शेख खालिद हुसैन राकेश तिर्की मोहिनी रितिका टोप्पो अनिल किस्पोट्टा आदि ने किया।

बाघवार एकेडमी की रोमांचक जीत

# टेंडर हार्ट को हराकर वेंचर स्किल अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** शाखा ग्राउंड, रांची में खेले गए रोमांचक मुकाबले में बाघवार एकेडमी ने टेंडर हार्ट स्कूल को कड़े संघर्ष में 4 रनों से हराकर वेंचर स्किल अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट 2024-25 के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बाघवार एकेडमी ने निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 142 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। कप्तान अभिषेक महली ने शानदार 54 रनों की पारी खेली, जबकि रितेश साहू एवं हिमांशु महली ने क्रमशः 20 और 21 रनों का योगदान दिया।जवाब में, टेंडर हार्ट स्कूल ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन बाघवार एकेडमी के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उन्हें 20 ओवरों में 138/9 पर रोक दिया। हर्षित नयन (4 विकेट, 36 रन) ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए टीम की जीत सुनिश्चित की। बाघवार एकेडमी के निदेशक अशोक बाघवार ने टीम के प्रदर्शन पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा, ह्लयह जीत हमारी युवा प्रतिभाओं को निखारने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हमारे खिलाड़ियों ने अनुशासन और संकल्प का शानदार परिचय दिया है, और मुझे विश्वास है कि वे सेमीफाइनल में भी इसी जोश के साथ खेलेंगे। कोच अजय कुमार सिंह ने भी टीम की दृढ़ता की सराहना करते हुए कहा,लड़कों ने दबाव में रहते हुए हमारी रणनीति को बेहतरीन तरीके से लागू किया। हम कड़ी मेहनत जारी रखेंगे और खिताब जीतने का पूरा प्रयास करेंगे। प्रधानाचार्य अरुण बाघवार ने खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ को बधाई देते हुए कहा कि अकादमी शिक्षा और खेल, दोनों में उत्कृष्टता के लिए समर्पित है। इस शानदार जीत के साथ बाघवार एकेडमी सेमीफाइनल में पहुंच गई है और अगले मुकाबले के लिए आत्मविश्वास और संकल्प के साथ तैयार है।

# खलारी में 5 अप्रैल को निकाली जाएगी रामनवमी शोभायात्रा



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी** पहाड़ी मंदिर खलारी के परिसर में विश्व हिंदू परिषद सह बजरंग दल खलारी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रताप कुमार यादव ने की। बैठक में मुख्य रूप से रामनवमी शोभायात्रा निकालने पर चर्चा किया गया। साथ ही सर्वसम्मति से 5 अप्रैल दिन शनिवार को सुबह 10 बजे से शोभायात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। बैठक में शोभायात्रा की रूपरेखा व तैयारी को लेकर चर्चा किया गया। तय किया गया कि शोभायात्रा का रूट मैप हर वर्ष की भांति ही रखा जाएगा। उसमें कोई बदलाव नहीं किया गया। संचालन मुकेश यदुवंशी ने किया। बैठक में करण कुमार, विक्की कुमार, सोनू कुमार, आयुषराज सिंह, पप्पूकुमार सोनी, दीपक बहादुर, दीपक कुमार, सोनूकुमार यादव, सूरज सिंह, सावनकुमार तुरी, जितेंद्र कुमार, रवि प्रजापति, जीवन रजक, अनिल कुमार, विदेशीप्रसाद सोनी, प्रेमप्रसाद केसरी, दिलीप मेहता, आकाश राम, ओम प्रसाद, लल्लू मेहता, रोहन लाल, जयप्रकाश कुमार, चइता मुंडा, प्रियांशुकुमार सिंह, हेमंत सिंह, पंचम केसरी, रमेश गिरि, राकेश, विजय प्रसाद, संदीप केसरी, मनोजकुमार साहू, जगरनाथ गुप्ता, देवनाथ प्रजापति, राकेश सिंह आदि उपस्थित थे।

डाड़ी पंचायत में निकाली गई भव्य सरहुल शोभायात्रा

# सरहुल शोभायात्रा का शुभारंभ सरना धर्म को बचाने के लिए शुरू किया गया : कंचन उरांव



**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग** लापुंग प्रखंड के डाडी. पंचायत अन्तर्गत पोकटा चोरकटा मैदान में सरना समिति युवा संघ पोकटा सहित अन्य गांवों के संयुक्त तत्वावधान में भव्य सरहुल शोभायात्रा सह सरहुल मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। डाड़ी पंचायत के पोकटा, अकमरोमा, कारुम, दरमीटोली, डाडी. रामाटोली, कैलुटोली सहित अन्य गांवों के सरना धर्मावलंबियों ने सरहुल शोभायात्रा सह मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। मांदर की थाप पर युवक-युवतियां बूढ़े बुजुर्ग एवं बच्चों ने आकर्षक सरना धर्म के पारंपरिक वेशभूषा में खूब थिरके। सरहुल शोभा यात्रा के दौरान पाहन पुजार महतो पईनभरा भंडारी सहित अन्य लोगों की अगुवाई में सरई फूल, रगं गुलाल के साथ नाचते गाते झूमते हुए अलग-अलग गांवो से जुलूस की शक्ल में मुख्य सड़क होते हुए चोरकटा मैदान पहुंचे। जहां शोभा यात्रा मिलन समारोह में बदल गया। बतौर मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव ने कहा कि सरहुल शोभा यात्रा का आयोजन कार्तिक बाबा और करमचंद भगत की अगवाई में शुरू किया गया था। बाद में रामदयाल मुंडा भी इसमें जुड़े। उन सभी ने सरना धर्म और उनके अस्तित्व को बचाने के लिए लंबे समय तक संघर्ष किया। हमें सरना धर्म की परंपरा संस्कृति और रीति रिवाज को आगे बढ़ाने की जरूरत है। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी महादेव उरांव ने कहा कि डाडी. पंचायत में हमें अपनी सांस्कृतिक, राजनीतिक और सामाजिक पहचान को बचाए रखने के लिए एक जुट होकर संघर्ष करने की जरूरत है। वहीं विवेक कुमार ने कहा कि सरहुल शोभायात्रा और मिलन समारोह में प्रत्येक गांव के युवा पीढ़ी के लोग आगे आ रहे हैं यह सकारात्मक पहल है। कार्यक्रम के दौरान डाडी.पंचायत की मुखिया सुमिला मिंज झुमती नजर आई।

## एक नजर

### राकोमयू अरगड्डा क्षेत्र प्रतिनिधियों की बैठक

**गिद्दी।** राष्ट्रीय कोयला मजदूर यूनियन अरगड्डा क्षेत्र के प्रतिनिधियों की बैठक रविवार को गिद्दी में हुई। बैठक में राकोमयू नेता कुमार महेश सिंह उपस्थित थे। बैठक में उपस्थित यूनियन प्रतिनिधियों ने पिछले दिन गिद्दी ए परियोजना पीओ के साथ एजेंडा मीटिंग पर चर्चा किया गया। इसके बाद मजदूर नेता कुमार महेश सिंह ने गिद्दी पीओ से मोबाइल पर वार्ता किया और यूनियन के एजेंडा में दिए गए मांगों पर सार्थक पहल करने के लिए कहा। बैठक में उपस्थित यूनियन नेताओं ने बताया यूनियन नेता के वार्ता के दौरान पीओ ने उनके मांग पर कार्रवाई करने के लिए अश्वस्त किया है। यूनियन की बैठक में कुमार महेश सिंह, सीपी संतन, शशिभुषण सिंह, विजय कुमार, सुधीर सिंह, राजेंद्र महतो, संतोष राउत, सुरेंद्र कुमार, रोहित प्रसाद, इबरार आलम, अफजल आदि उपस्थित थे।

### पटेलनगर में फंदे से लटकता मिला अधेड़ का शव

**भुरकुंडा।** भुरकुंडा पटेलनगर चपरासी क्वार्टर मुहल्ले में शनिवार की सुबह एक 53 वर्षीय अधेड़ दिनेश यादव का शव घर में फंदे से लटकता मिला। इसके बाद परिजन शव को उतार कर भुरकुंडा बिरसा चौक स्थित एक नर्सिंग होम ले गए, जहां डॉक्टर ने दिनेश यादव को मृत घोषित कर दिया। दिनेश यादव की पत्नी का निधन कुछ वर्ष पूर्व हो गया था। इधर उनके परिवार में तीन पुत्री और एक पुत्र है। तीनों पुत्रियां पिता के साथ ही रहती थी। वहीं पुत्र बाहर रह कर किसी रोजगार से जुड़ा है। चर्चा है कि पत्नी के दिवंगत होने के बाद दिनेश यादव का एक महिला से संबंध था, जो उनके बच्चों को नागवार गुजरता था। इससे घर में झगड़ा होता था, जिससे दिनेश यादव तनाव में रहते थे। इसलिए अंदाजा लगाया जा रहा है कि अत्याधिक तनाव के कारण उन्होंने फंदा लगा कर अपनी इहलीला समाप्त कर ली है।

### कोयलांचल भुरकुंडा में धूमधाम से मनेगी रामनवमी

**भुरकुंडा।** रामनवमी को लेकर शनिवार को श्रीश्री महारामनवमी समिति की बैठक सुंदरनगर पंचायत भवन में हुई। इसकी अध्यक्षता पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम और संचालन योगेश दांगी ने किया। इसमें ऐतिहासिक लक्ष्मी टॉकिज मैदान अखाड़े में 6 अप्रैल को रामनवमी पूजा और मेला आयोजित करने का निर्णय लिया गया। कहा गया कि अगले वर्ष से महासमिति के तत्वावधान में मंगला शोभायात्रा निकाली जाएगी। साथ ही लक्ष्मी टॉकीज मैदान को ट्रस्ट के नाम पर खरीदने की दिशा में पहल का निर्णय लिया गया। बैठक में पुरानी समिति को ही मेला आयोजन की जिम्मेवारी सौंपी गई। समिति में संरक्षक टिकेश्वर महतो शिवचरण महतो, रोहित सोनी, जगदीश बेदिया, विनय सिंह, देव गुप्ता, श्रवण कुमार, रामप्रवेश राम, पंकज कुमार, पुष्पराज कुशवाहा, युवराज आदि शामिल थे।

### ट्रक के कुचलने से नोटरी की हुई मौत, अर्धनिर्मित सड़क बनी जानलेवा

# जिम्मेवार राजकेशरी कंस्ट्रक्शन कंपनी पर दर्ज हो प्राथमिकी : विष्णुधारी



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
एक सुलझे और जाने माने नेक दिल इंसान नोटरी आर के नटवर का पूर्वाह्न 11 बजे सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई. वह बाईक से अपने घर बरसोत से बरही जा रहे थे. इसी क्रम में उसी दिशा से आ रही बीआर 02 जीसी 6724 ट्रक ने करियातपुर चौक से महज कुछ आगे बुरी तरह से कुचल दिया और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई. करियातपुर मुखिया मनोज कुमार ने बताया कि घटना ट्रक के ओवरटेक के कारण हुई. जिसका मुख्य कारण अर्धनिर्मित सड़क रहा. घटना होते ही स्थानीय लोगो की भीड़ लग गई, पुलिस प्रशासन भी पहुंचा और औपचारिकता पूरी करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. 65 वर्षीय मृतक अविवाहित थे जो बरसोत के स्व द्वारिका महतो के पुत्र थे. जो बरही एसडीओ कोर्ट में नोटरी पब्लिक का कार्य करते थे. इनके असामयिक निधन पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष झारखंडी साहा, सचिव राजकुमार लाल, संयुक्त सचिव रामचंद्र प्रसाद, नोटरी कुजिल साव आदि सहित की समाजिक, राजनीतिक लोगों ने गहरा शोक प्रकट करते हुए अपूरणीय क्षति बताया.

#### राजकेशरी कंपनी पर लापरवाही का मामला हो दर्ज

घटना से आहत बरसोत के वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता विष्णुधारी महतो ने घटना के जिम्मेवार सड़क निर्माण करवा रही राजकेशरी कंपनी पर लापरवाही का मामला दर्ज करने की मांग किया है. से जिम्मेवार है. उन्होंने बताया की सड़क चौड़ीकरण कार्य कंस्ट्रक्शन कंपनी की वजह से लोगो के लिए मौत का द्वार बन चुका है. जहां आए दिन मौत का तांडव जारी है. कंपनी जहां तहां सड़क चौड़ीकरण के नाम पर गड्ढा कर रखी है, कही मशीन खड़ा कर दिया है तो कहीं जैसे तैसे कार्य करवा रही है. इस दौरान सड़क पर न तो कोई इंडिकेटर है और न ही कोई फ्लैग मैन, जिसके कारण वाहनों की रफ्तार थमती नही है और घटनाएं घटती जा रही है. कई बार लोगो ने सड़क जाम और प्रदर्शन किया, पर कोई करवाई या सुधार नही हुआ है. स्थानीय प्रशासन या जन प्रतिनिधि भी मौन हैं, जो समझ से परे है. उन्होंने इस दिशा में शीघ्र ठोस कदम उठाते हुए प्रशासन से फ्लैग मैन, संकेतक, रिबन और रेडियम इत्यादि की व्यवस्था करवाने की मांग किया है.

### सीएनटी खाते के जमीन की खरीद बिक्री रोकने की शिकायत

**रामगढ़।** सीएनटी खाते के जमीन की खरीद ब्रिक्री रोकने को लेकर शनिवार को उपायुक्त रामगढ़ को शिकायत दर्ज करवाई गई है। यह शिकायत बाजार टांड निवासी पंकज महतो, पिता श्री कौलेश्वर राम दांगी की ओर से दर्ज करवाई गई है। आवेदन में उन्होंने कहा है कि रामगढ़ अंचल के मौजा कैथा 42 डीसमिल जमीन को धोखाघाडी कर उक्त जमीन को पुराना जाली व बनावटी दस्तावेज तैयार कर बेच दिया है। जमीन को बेचने के उद्देश्य से अंचल कार्यालय रामगढ़ से अवर निबंधन कार्यालय रामगढ़ को केवला निबंधित कराने के लिए रजिस्ट्रर 2 ईमेल किया गया है। जिसको निरस्त कर जमीन निबंधन रोका जाए।

## न्यूज | बॉक्स

### शारीरिक शिक्षा विभाग की महिला वॉलीबॉल की टीम हुई विजयी



**रामगढ़।** एमिटी विश्वविद्यालय रांची द्वारा आयोजित एमीफोरीया खेल प्रतियोगिता तीन दिवसीय 19 मार्च 2025 से 22 मार्च 2025 तक हुआ। यह खेल राधा गोविंद विश्वविद्यालय रामगढ़ एवं एमिटी विश्वविद्यालय रांची के बीच खेला गया जिसमें राधा गोविंद विश्वविद्यालय महिला वॉलीबॉल टीम विजय हुआ। यह जानकारी शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष लेफ्टिनेंट डॉ. अमन वर्मा ने दी। जिसपर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह, सचिव प्रियंका कुमारी, प्रति कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार एवं प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार ने संयुक्त रूप से सभी सफल विद्यार्थियों की हार्दिक शुभकामनाएं दिए और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### जदयू नेता के आवासीय कार्यलय में बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन



**हजारीबाग।** बलिदान दिवस पर समाजसेवी सह जदयू नेता राकेश गुप्ता के कालीबाड़ी स्थित आवासीय कार्यलय में रविवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में लोग उपस्थित होकर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किया। देश के प्रति अमुल्य योगदान एवं संघर्ष को याद किया। उनकी जीवनी को स्मरण कर अपने जीवन में आत्मसात करने का लोगों ने संकल्प लिया। मौके पर समाजसेवी सह जदयू नेता राकेश गुप्ता ने सुखदेव, भगत सिंह, राजगुरू के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि देते हुए, कहा कि शहीदी दिवस पर मैं भारत माता के अमर सपूतों भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। भारत माता को दासता की बेड़ियों से आजाद कराने में जिन क्रांतिकारियों ने अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया, उनमें इन तीनों का नाम स्वर्णाक्षरों में लिखा जाएगा। उन्होंने कहा कि उनके अद्वितीय साहस और मातृभूमि की सेवा में बलिदान का जज्बा हमेशा हमें प्रेरित करता रहेगा। मौके पर अनुज कुमार, कौशल कुमार, सन्नी कुमार, पवन कुमार, रमेश कुमार, नीरज कुमार, मोनिका कुमार, सीमा कुमारी, ऋषि कुमार सहित कई लोग शामिल थे।

### धार्मिक उत्सवों में जनभावनाओं का सम्मान किया जाए : मुन्ना सिंह



**हजारीबाग ।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने रामनवमी के अवसर पर डीजे बजाने की अनुमति देने की मांग की है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और जिला प्रशासन से शनिवार देर शाम एक वीडियो संदेश जारी कर अपील की है कि इस धार्मिक पर्व को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाने के लिए प्रशासन एक सकारात्मक निर्णय ले। मुन्ना सिंह ने कहा कि रामनवमी हमारी आस्था, संस्कृति और परंपरा का प्रतीक है। इसे भव्य रूप से मनाने के लिए अनुशासनात्मक पूर्वक डीजे बजाने की अनुमति दी जानी चाहिए, ताकि भक्तजन पूरे उत्साह के साथ पर्व मना सकें। उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया कि जनभावनाओं को समझते हुए धार्मिक स्वतंत्रता को सम्मान दिया जाए और डीजे बजाने पर लगाए गए प्रतिबंध को हटाया जाए। उन्होंने जनता से इस मांग का समर्थन करने की अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक लोग इस मुद्दे को उठाएं और प्रशासन तक अपनी आवाज पहुँचाएं। इस बयान के बाद यह मुद्दा सामाजिक और राजनीतिक चर्चा का विषय बन गया है। प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन इस पर जल्द निर्णय लिए जाने की संभावना है।

### भारत जकात मांझी परगना महल बरकट्ठा के सदस्यों ने पत्रकारों को किया सम्मानित



**बरकट्ठा।** भारत जकात मांझी परगना महल के अध्यक्ष राम जी बेसरा, सचिव मनोज मुर्मू ,कोषाध्यक्ष सुनील मुर्मू समेत अन्य सदस्यों के द्वारा रविवार को बरकट्ठा के पत्रकारों के लिए सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उन्होंने समाचार संकलन के लिए उपहार स्वरूप बैग एवं पानी बोतल भेंट किया।वहीं बातचीत में अध्यक्ष रामजी बेसरा ने कहा कि आगामी 30 मार्च को सूरजकुंड धाम में सरहुल पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है ।जिसमें झारखंड के पांच मंत्री शामिल होंगे और कार्यक्रम की प्रस्तुति के लिए आदिवासी कलाकार स्टीफन टुडू आ रहे हैं जिनका संगीत में कार्यक्रम होगा। कहा कि भारत जकात मांझी परगना महल पिछले 6 वर्षों से लगातार क्षेत्र के समस्या को लेकर सरकार से मिल समस्या का समाधान करने में लगे हुए हैं। वहीं आदिवासियों के उत्थान करने में परगना महाल अपनी महती भूमिका निभा रही है। वही सचिव मनोज मुर्मू ने कहा कि पत्रकार हमारे समाज के आईना है। ये लोकतंत्र के चतुर्थ स्तंभ हैं इनका सम्मान कर हमें भी आनंद आता है ।वहीं मुख्य रूप से पत्रकार रेयाज खान, गोपाल प्रसाद, रामकृष्ण पांडेय, ईश्वर यादव सुनील कुमार, पंकज कुमार,परमानंद पांडेय, सहबाज खान, श्याम किशोर पांडेय, अजीत कुमार, बिक्रम कुमार, अजय कुमार, पियूष पांडेय, सुजीत कुमार, संतोष पांडेय, साहेबराम सोरेन, विक्रम कुमार, सुजीत कुमार उपस्थित थे।

### पूर्व विधायक के आवासीय परिसर में मनाया गया बलिदान दिवस, शहीद ए आजम को किया नमन



**बरही।** स्वतंत्रता के लिए हंसते हुए फांसी के फंदे पहनने वाले शहीद ए आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के बलिदान दिवस के अवसर पर पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला के आवासीय परिसर चौपारण में भव्य श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. जिसमे भारी संख्या में लोगों ने भाग लिया. उपस्थित लोगो ने शहीद ए आजम के प्रतिमाओं पर माल्यार्पण व श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए नमन किया. पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला ने अपने संबोधन में कहा की भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव केवल नाम नहीं, बल्कि विचारधारा हैं. इन वीर क्रांतिकारियों ने देश की आजादी के लिए हंसते हुए फांसी को गले लगाय. हमें उनके बलिदान से प्रेरणा लेकर समाज और देश के विकास में अपनी भूमिका निभानी चाहिए. युवाओ को उनके विचारों को आत्मसात कर राष्ट्रनिर्माण में आगे आना होगा. कार्यक्रम को अन्य कई समाजसेवी, राजनीति कार्यकर्ता और प्रबुद्धजनों ने भी संबोधित किया. कार्यक्रम में भारी संख्या में युवा, महिला, बुजुर्ग एवं स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थे. उपस्थित लोगो ने शहीद ए आजम अमर रहें, इंकलाब जिंदाबाद के नारों के साथ अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी. आयोजन में मुख्य रूप से चौपारण जिप सदस्य रविशंकर अकेला, रामफल सिंह, चैथी मुखिया गुलाबी यादव, बसरिया मंजू देवी, उप प्रमुख प्रीति गुप्ता,बीस सूत्री अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष मंटू यादव, चैथी पंसस नरेश पांडे, भुनेश्वर यादव कृष्ण यादव,नागेंद्र दांगी, जगदीश यादव ,गुलाबचंद यादव, संजय यादव ,नवीन यादव, प्यारी चौधरी, डब्ल्यू अंसारी, विनोद सिंह, रतन सिंह,मनोज सिंह,विवेक सिंह,नीरज सिंह,संजीत सिंह, हीरा सिंह, कृष्णामोहन सिंह,रेवाली पासवान, लालेश साहू, पप्पू यादव ,राजेश यादव, राजकुमार यादव, संजय यादव,अनिल मेहता,यदुनंदन यादव इत्यादि सहित कई लोग शामिल हुए.

# जिला योजना अनाबद्ध निधि आबंटन को लेकर विधायक ने सदन में उठाया मुद्दा



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
विधायक मनोज कुमार यादव ने हजारीबाग जिले में जिला योजना अनाबद्ध निधि के आवंटन को लेकर सरकार का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि पहले जिले को जनसंख्या के आधार पर अनाबद्ध निधि आवंटित की जाती थी, लेकिन 2024 से जिन जिलों में डीएमएफटी मद से 30 करोड़ से अधिक की राशि प्राप्त होती है, उन्हें केवल 8 करोड़ रुपये अनाबद्ध निधि के रूप में फिक्स कर दिया गया है। विधायक श्री यादव ने बताया कि हजारीबाग जिले में कुल 16 प्रखंड हैं, जिनमें से केवल 6 प्रखंड ही डीएमएफटी मद के नए नियमों के अंतर्गत आते हैं। शेष 10 प्रखंडों को मात्र 8 करोड़ रुपये के भरोसे छोड़ दिया गया है, जबकि 7 प्रखंड वाले अन्य जिलों को 15 से 18 करोड़ रुपये तक का आवंटन मिल रहा है। उन्होंने सरकार से मांग की कि हजारीबाग सहित अन्य जिलों को पूर्व की भांति जनसंख्या के आधार पर अनाबद्ध निधि आवंटित की जाए। जिस पर सरकार ने इस मुद्दे पर अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि योजना एवं विकास विभाग के संकल्प (ज्ञापांक 842, दिनांक 12 मई 2016) के अनुसार, जिलों के बीच राशि का आवंटन उनकी जनसंख्या और पिछड़ेपन के आधार पर किया जाता है। हालांकि, 16 अगस्त 2024 के संकल्प (ज्ञापांक 1094) के अनुसार, ऐसे जिले जहां डीएमएफटी मद में सालाना 30 करोड़ रुपये से अधिक की राशि आती है, उन्हें अनाबद्ध निधि से सीमित राशि ही दी जाएगी। यह सीमित राशि संबंधित वित्तीय वर्ष में उपलब्ध बजट के अनुसार तय की जाएगी और शेष राशि गैर-डीएमएफटी जिलों को जनसंख्या और पिछड़ेपन के आधार पर वितरित की जाएगी। सरकार के अनुसार, हजारीबाग जिले को अप्रैल 2024 तक डीएमएफटी मद में कुल 77,040 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं, जिससे जिले को औसतन प्रति वर्ष 96.30 करोड़ रुपये की राशि डीएमएफटी मद से मिल रही है। इसी तर्ज पर, हजारीबाग सहित अन्य ऐसे जिले, जिन्हें डीएमएफटी मद में प्रति वर्ष 30 करोड़ रुपये से अधिक मिलते हैं, उन्हें वित्तीय वर्ष 2024-25 में 8 करोड़ रुपये अनाबद्ध निधि के रूप में आवंटित किए गए हैं।

#### विधायक की मांग और सरकार की नीति में टकराव

जहां विधायक मनोज कुमार यादव हजारीबाग जिले के लिए अधिक अनाबद्ध निधि आवंटन की मांग कर रहे हैं, वहीं सरकार का कहना है कि डीएमएफटी मद में पर्याप्त फंड उपलब्ध होने के कारण इस जिले में अनाबद्ध निधि को सीमित किया गया है। इस नीति के तहत, गैर-डीएमएफटी जिलों को प्राथमिकता दी जा रही है। इस मुद्दे पर विधायक मनोज यादव बताते है कि सरकार को इस नीति में बदलाव करने की जरूरत है क्योंकि हजारीबाग जैसे जिलों के कई प्रखंड डीएमएफटी मद के लाभ से वंचित रह जाते हैं और उन्हें केवल 8 करोड़ रुपये की अनुदान राशि से काम चलाना पड़ता है।

### भुरकुंडा से चोरी हुआ लैपटॉप रामगढ़ कोठार में पकड़ाया

**भुरकुंडा।** भुरकुंडा जनता टॉकिज के समीप स्थित राजा मोबाइल एंड सर्विस सेंटर से विगत 17 मार्च की रात चुराया गया लैपटॉप शनिवार को कोठार में पकड़ा। सबकुछ बहुत ही नाटकीय अंदाज में हुआ। पीड़ित दुकानदार अनवर अंसारी ने बताया कि दुकान में हुई सामान की चोरी के बावत उसने कई लोगों को जानकारी दी थी। इसलिए जैसे ही कुछ युवकों ने एचपी कंपनी का लैपटॉप बेचने की इच्छा जाहिर की, उन्हें सूचना मिल गई। इसके बाद बेचने वालों से लैपटॉप की तस्वीर मांगी गई। तस्वीर में अपना लैपटॉप पहचानने के बाद अनवर अंसारी ने अपने रिश्तेदारों के साथ मिल कर युवकों को पकड़ने की योजना बनाई। संपर्क करने वाले युवकों को लैपटॉप खरीदने के बहाने कोठार बुला कर पकड़ लिया गया। इसके बाद पकड़े दोनों युवको को रामगढ़ पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़े गए दोनों युवक अपना नाम समीर अंसारी और मुकेश करमाली, निवासी कुजू बनवार बताते हैं।

### सदर विधायक ने युवाओं को किया संबोधित, कहा

# युवा जागरूकता ही सशक्त लोकतंत्र की नींव है




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
जी.एम. महाविद्यालय, हजारीबाग में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई हजारीबाग एवं नेहरू युवा केंद्र, हजारीबाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित विकसित भारत युवा सांसद 2025 एक राष्ट्र, एक चुनाव विषयक कार्यक्रम में सदर विधायक प्रदीप प्रसाद बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम में तीन जिलों से 15 से 25 वर्ष की उम्र के लगभग 56 युवा प्रतिभागी शामिल हुए। विधायक प्रदीप प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि ₹भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, और इसे अधिक प्रभावी, पारदर्शी और मजबूत बनाने के लिए एक राष्ट्र, एक चुनाव जैसी अवधारणा पर विचार करना आवश्यक है। यह केवल चुनावी प्रक्रिया को सुगम बनाने का प्रयास नहीं, बल्कि प्रशासनिक स्थिरता और सुशासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आगे कहा कि बार-बार होने वाले चुनावों से न केवल वित्तीय और प्रशासनिक संसाधनों पर बोझ पड़ता है, बल्कि विकास योजनाओं की गति भी बाधित होती है।

### महा यज्ञ की सफलता को लेकर ग्रामीणों ने की बैठक

# नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ का ध्वजारोहण आज

### यज्ञ के दौरान अयोध्या की प्रसिद्ध कथावाचिका मानस मंजरी करेंगी प्रवचन



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
आगामी 30 मार्च से देवी मंडप गौरियाकरमा के प्रांगण में दूसरा श्री श्री 1008 शतचंडी महायज्ञ शुभारंभ होगा. आज 24 मार्च को पूर्वाह्न नौ बजे ध्वजारोहण, 30 को जलयात्रा और 7 अप्रैल को पूणार्हुति व महाभंडारा के साथ महायज्ञ का समापन होगा. महायज्ञ की सफलता को लेकर रविवार को मंडप परिसर में ग्रामीणों की बैठक हुई. जिसमें सर्वसम्मति से ध्वजारोहण से पूणार्हुति तक क्षेत्र में मांस, मदिरा, अंडा, मछली इत्यादि के बिक्री या सेवन पर पूरी तरह पाबंदी लगाई कई. ऐसा करते पकड़े जाने वाले के खिलाफ आर्थिक दंड लगाया जायेगा. ध्वजारोहण के लिए सोमवार को सभी सनातनी धमार्लंबियों से 9 बजे मंदिर पहुंचने की अपील की गई है. महायज्ञ वाराणसी के यज्ञाचार्य पंडित जयनंदन मिश्र व रिद्धि राज वेदव्यास मिश्र के पांडित्य में आयोजित होंगे. जिसमें अयोध्या की प्रसिद्ध कथावाचिका मानस मंजरी धार्मिक प्रवचन करेंगी. बैठक यज्ञ समिति के अध्यक्ष रामप्रसाद चौधरी की अध्यक्षता व कोषाध्यक्ष सोनू पांडेय के संचालन में संपन्न हुआ. जिसमें मुख्य रूप से यज्ञ समिति के संरक्षक दुलार यादव, सचिव राजेन्द्र राम, उपाध्यक्ष राजन यादव, उपसचिव विकास यादव, उपकोषाध्यक्ष दिलचंद मेहता, महेश पाण्डेय, नरेश पाण्डेय, देवलाल राम, उपेन्द्र दास, किशोर ठाकुर, ललन ठाकुर, त्रिलोकी चौधरी, मनोज पाण्डेय, हेमन्त चौधरी, महादेव पासवान, किशोरी पाण्डेय, घनश्याम मेहता, सूरज मेहता, जिबलाल मेहता, मोहन मेहता, रामेश्वर मेहता, ज्ञान पंडित, मनोज मेहता, पिंकू चौधरी, कारू साव, मंटी पाण्डेय, महादेव राणा आदि सहित कई ग्रामीण मौजूद थे.

#### महायज्ञ समापन तक शराब व मांसाहार बिक्री व सेवन पर यज्ञ कमिटी ने लगाया प्रतिबंध

### 55 लाख की लागत से स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन का हुआ शिलान्यास

# स्वास्थ्य उपकेंद्र से कई गांवों के लोग होंगे लाभान्वित : विधायक




**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
रविवार को भंडारों पंचायत के तेतरिया भंडारो में स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव ने बतौर मुख्यातिथि स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन का शिलान्यास किया. जिनका स्थानीय लोगो ने जोरदार स्वागत किया. भवन विभाग से बनने वाले भवन की कुल लागत 55 लाख रुपए बताए गए है. उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि इस स्वास्थ्य उपकेंद्र के चालू होने से आस पास के दर्जनों गांव के लोगों को स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी. वृद्धों या गर्भवती महिलाओं या ग्रामीणों को परेशानियों से राहत मिलेंगे. उन्होंने लोगों से संवेदक के कार्यों की गुणवता पर नजर बनाए रखने की भी बात कही. विदित हो कि स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर विधायक गंभीर है. बजट सत्र में इन्होंने सदन में जोरदार आवाज उठाई थी. इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, स्थानीय मुखिया रीना देवी, पूर्व मुखिया सकलदेव यादव, पंचायत समिति सदस्य बिनोद यादव, पूर्व पंसस प्रयाग यादव, जेई मुकेश दास, बिनोद पासवान, नागेश्वर यादव आदि सही कई महिला पुरुष व बच्चे मौजूद थे.

### जाम से मिले निजात और बाजार में हो पार्किंग व पानी की व्यवस्था

**रामगढ़ ।** शहर के चट्टी बाजार और शनिचरा बाजार में ट्रैफिक जाम आम लोगों के लिए गंभीर परेशानी बन चुका है। रोजाना इस मार्ग से सैकड़ों लोग अपने कार्यों के लिए गुजरते हैं, लेकिन अव्यवस्थित यातायात के कारण उन्हें जाम का सामना रहना पड़ता है। ऑफिस जाने वाले कर्मचारी देरी से पहुंचते हैं, स्कूल-कॉलेज के छात्रों को समय पर कक्षाओं में पहुंचने में दिक्कत होती है। जबकि स्थानीय दुकानदारों का व्यापार प्रभावित होता है, क्योंकि ग्राहक ट्रैफिक की वजह से बाजार आने में हिचकिचाते हैं। यह समस्या न केवल समय की बबार्दी कर रही है, बल्कि लोगों के मानसिक तनाव को भी बढ़ता है। ट्रैफिक जाम का सीधा असर चट्टी बाजार और शनिचरा बाजार के व्यापार पर पड़ रहा है। जाम की वजह से ग्राहक बाजार आने से कतराने लगते हैं और इच्छानुसार बाजारों की ओर रुख कर लेते हैं, जिससे स्थानीय दुकानदारों की बिक्री प्रभावित होती है। व्यवसायियों का कहना है कि जाम से लगातार गिरती बिक्री से व्यापारियों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है।

### अध्यक्ष हटाने को लेकर प्राचार्य ने उपायुक्त को लिखा पत्र

# विद्यालय अध्यक्ष पर अपने कर्तव्यों का पालन नहीं करने का लगाया आरोप


MODEL SCHOOL, BARKATHA
DIST - HAZARIBAG, JHARKHAND

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
मॉडल विद्यालय के एसएमसी अध्यक्ष अर्जुन नायक के आचरण एवं क्रियाकलाप असंतोष जनक रहने का आरोप लगाकर विद्यालय के प्राचार्य राहुल कुमार सिंह ने उपायुक्त को पत्र लिखकर उन्हें तत्काल हटाने की मांग की है। पत्र की प्रतिलिपि जिला शिक्षा पदाधिकारी हजारीबाग और प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी बरकट्ठा को भी दिया है ।उन्होंने अध्यक्ष पर आरोप लगाते हुए लिखा है कि अर्जुन नायक का आचरण एवं क्रियाकलाप स्कूल के विकास के प्रतिकूल है। लिखा है कि जब से वे एसएमसी अध्यक्ष बने हैं, तब से लेकर अभी तक एक भी बैठक आयोजित नहीं की है। बोलने पर कहते हैं कि हमारे पास समय नहीं है। विगत 5 एवं 6 मार्च को बैठक के लिए बुलाया गया तो उसमें भी अनुपस्थित रहे। इतना ही नहीं 20 मार्च 2025 को जब पीटीएम कराने का प्रयास किया तो उस दिन बैठक समाप्त होने वाली थी तो 2बजे विद्यालय आकर सभी अभिभावकों एवं एसएमसी सदस्यों के साथ अभद्रता करते हुए हम सभी पर जोर जोर से चिल्लाने लगे ओर स्कूल में हंगामा खड़ा कर दिया। जब से अर्जुन नायक अध्यक्ष बने है तब से उन्होंने अपने कर्तव्य का पालन नहीं किया।इस संबध में एसएमसी सदस्य रीना कुमारी,गणेश कुमार, प्रदीप कुमार ,सुबोध कुमार पांडेय समेत अन्य लोगों ने पत्र में हस्ताक्षर कर अपनी सहमति दी है। विदित हो कि कुछ दिनों पूर्व अध्यक्ष ने भी प्राचार्य पर भी कई गंभीर आरोप लगाए थे।

झारखंड ऑटो एवं टोटो चालक संघ की अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में हुआ सम्मेलन

# जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में ऑटो चालक आवागमन व्यवस्था के रीढ़ : एसडीओ





**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** झारखंड ऑटो एवं टोटो चालक संघ के सम्मेलन का आयोजन रविवार को अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में किया गया। जिलाध्यक्ष प्रेम दास की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात रंजन ज्ञानी और विशिष्ट अतिथि के रूप में सदर थाना प्रभारी विनोद पासवान,जिप सदस्य शांति बाला केरकेट्टा सहित कई लोग मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीओ ने कहा कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में ऑटो चालक आवागमन व्यवस्था के रीढ़ हैं। ये ऑटो चालक यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचाकर अपनी सेवा दे रहे हैं। एसडीओ ने कहा कि चालक वाहन चलाते वक्त शराब का सेवन ना करें। ट्रैफिक नियमों का पालन करें। उन्होंने कहा कि सभी वाहन चालक निर्धारित गति सीमा पर चलें।मोबाइल का उपयोग ना करें। साथ ही यात्रियों के साथ सही तरीके से पेश आने की बात उन्होंने कही। एसडीओ ने कहा कि प्रशासन चालकों के साथ है। उनकी समस्याओं के समाधान के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि टैक्सी स्टैंड में पेयजल समस्या की शिकायत आई है,इसे दूर करते हुए पेयजल की व्यवस्था वहां की जाएगी। थाना प्रभारी ने कहा कि सड़कों पर चलते वक्त चालक अपनी और अपने यात्रियों की सुरक्षा का पूर्ण ख्याल रखें। सभी दस्तावेज साथ रखें। पुलिस की ओर से जो भी मदद की जरूरत है वह की जाएगी। जिप सदस्य शांति बाला ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को लिए ऑटो चालक बेहतर तरीके से सेवा दे रहे है। एक जगह से दूसरे जगह पहुंचाने के अलावा रात में या बीमार होने पर मरीजों को आपात समय में भी ये अस्पताल लेकर आते हैं। जो ये समाज को बेहतर सेवा दे रहे हैं। आगंतुकों का स्वागत करते हुए मजदूर नेता राजेश कुमार सिंह ने कहा कि चालकों की कई समस्याएं हैं। इस समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर संघ का एक प्रतिनिधिमंडल डीसी और एसपी से मिलकर अपनी समस्या रखेगा। उन्होंने कहा कि संघ चालकों के दुख सुख में साथ है। कार्यक्रम में मंच संचालन वरिष्ठ शिक्षक श्यामसुंदर मिश्र ने किया। मौके पर चालकों के बीच परिचय पत्र का वितरण किया गया। मौके पर रामजी यादव,अतुल बरला,यासीन शेख,अजय कुमार,पंकज प्रसाद सहित काफी संख्या में ऑटो चालक मौजूद थे।

## एक नजर

### डाक बंगला बानो में आदिवासी लोहरा समाज की बैठक का आयोजन

**बानो।** बानो डाक बंगला में आदिवासी लोहरा समाज की बैठक का आयोजन सोमारी कैथवार की उपस्थिति में हुई। बैठक में समाज के विद्यार्थियों को समय से जाति प्रमाण पत्र नही बनने के मुद्दे पर चर्चा को गई। सोमारी कैथवार ने बताया कि विद्यार्थियों का जाति प्रमाण पत्र बनवाने में काफी परेशानी हो रही है उन्होंने कहा कि बानो अंचल में जाति प्रमाण पत्र बनवाने हेतु फार्म दस महीना पहले जमा हुआ है लेकिन अभी तक नहीं बना है। इस समाज को भी जाति प्रमाण पत्र समय से मिलना चाहिए।सिमडेगा जिला के बानो में ही इस तरह का शिकायत है। समाज के अध्यक्ष अभय भुटकुंवर ने कहा कि आदिवासी लोहरा समाज के लोग कोई भी धर्म को मान सकते हैं।आदिवासी लोहरा समाज, मुण्डा जाति का उप जाति है। जाति का बात है तो आदिवासी लोहरा जाति का प्रमाण पत्र मिलेगा ।बानो अंचलाधिकारी के समक्ष बताया गया कि खतियान में लोहार शब्द दर्ज है लेकिन ये लोहरा ही हैं, बैठक में झारखंड प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष अभय भुटकुंवर , जिला सिमडेगा के संरक्षक कोंडेशवर राम, सिमडेगा के रंथु लोहरा, सिमडेगा के सुनील इंदवार, बंसत केरकेट्टा, लोहरा समाज का अध्यक्ष सेलसियान बागे,सोमारी कैथवार, जनक इंदवार, संजय इंदवार, संजीव कैथवार संजय कैथवार, सुनीता तिर्की, मेलो तिर्की , एवं 16 पंचायत आदिवासी लोहरा समाज लोग उपस्थित थे।

### बानो को अनुमंडल बनाओ मंच द्वारा चलाया गया हस्ताक्षर अभियान



**बानो।** बानो को अनुमंडल बनाओ मंच द्वारा हस्ताक्षर अभियान जोर शोर से प्रखण्ड सहित कोलेबिरा व जलडेगा प्रखण्ड के विभिन्न क्षेत्रों चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को हुरदा ,सिम्हातु ,गेनमेर आदि पंचायतों में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।, प्रखण्ड के गेनमेर, कनारोवा, बानो, कोनसोदे ,सोय , उकौली सहित सभी पंचायत के मुखियाओं ने लिखित समर्थन दिया है।साथ प्रखण्ड सामाजिक संगठनों, राजनीतिक पार्टियों ने भी समर्थन देने की बात की है।

### अधूरे कागजात रहने पर वाहन चालक का चालान काटा गया

**बानो।** बानो थाना गेट के समीप वाहन जांच अभियान चलाया गया अधूरे कागजात रहने पर एक वाहन चालक का चालान काटा गया।बानो थाना के एएसआई सत्यनारायण कुमार के नेतृत्व में रविवार साप्ताहिक बाजार के दिन वाहन जांच अभियान चलाया गया इस दौरान दोपहिया,तीन पहिया व चार पहिया वाहन के कागजात डिक्की हेलमेट ड्राइविंग लाइसेंस आदि की जांच की गयी।सड़क पर लोगों को वाहन पार्किंग करने पर फटकार लगाई गयी।ए एस आइ सत्यनारायण कुमार ने बताया कि टेंपो में चालकों को अगले सीट पर महिलाओं को नही बैठाने हिदायत दी गयी। पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी गयी।

तिरंगे में लिपट कर गांव पहुंचा शहीद किशोर का शव तो बिलख उठा पुरा गांव

# शहीद के परिजनों को शहर में दिलाएंगे जमीन, करेंगे हर संभव मदद : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता/सिमडेगा।** कश्मीर के लेह में आर्मी 699 टाट्रा बटालियन में हवलदार के पद पर पदस्थापित सिमडेगा का लाल किशोर बाड़ा का पार्थिव शरीर रविवार को तिरंगे में लिपटा हुआ उनके पैतृक गांव सदर प्रखंड के नानेसेरा तुरतुरी पानी पहुंचा। उनका शव गांव पहुंचते ही पत्नी, तीन बेटियां सहित पुरा गांव बिलख उठा। जवान का शव घर पहुंचने पर विधायक भूषण बाड़ा, डीसी अजय कुमार सिंह, एसपी सौरभ कुमार, जिप सदस्य जोसिमा खाखा, रांची मिलिट्री स्टेशन के जवान सहित कई लोगों ने शहीद को श्रद्धांजलि देते हुए नमन किया। मौके पर विधायक ने शहीद के शव को कंधा भी दिया। साथ ही मिट्टी देकर अंतिम विदाई दी। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि शहीद किशोर बाड़ा की शहादत बेकार नहीं जाएगी। उन्होंने कहा कि वे शहीद जवान के परिजनों के साथ खड़ा है। शहीद के परिजनों को शहर में जमीन दिलाया जाएगा। साथ ही उनके परिजनों को अनुकंपा पर नौकरी दिलाने के साथ साथ अन्य सभी लाभ दिलाने में सहयोग किया जाएगा। विधायक ने शहीद जवान की विधवा पत्नी एवं तीनों बेटियों को ढांढस बंधाते हुए उनके साथ खड़ा रहने का आश्वासन दिया। जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने भी शहीद को श्रद्धांजलि दी। साथ ही परिजनों के साथ खड़ा रहने का आश्वासन दिया। मौके पर बीडीओ समीर रौनियार खलखो,थाना प्रभारी, अजीत लकड़ा, पंचायत सदस्य समिति प्रतिमा कुजूर, पंचायत अध्यक्ष निलेश एक्का आदि उपस्थित थे।







### जिला प्रशासन शहीद के परिजनों के साथः डीसी

मौके पर डीसी अजय कुमार सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन शहीद किशोर बाड़ा के परिजनों के साथ खड़ा है। प्रशासन द्वारा परिजनों का हर संभव मदद करेगी। एसपी सौरभ कुमार ने कहा कि शहीद किशोर की शहादत हमेशा याद रखी जाएगी। उनकी शहादत बेकार नहीं जाएगी। पुलिस प्रशासन शहीद के परिजनों के साथ खड़ा है।

### शव पहुंचते ही बिलख उठा पुरा गांव

रविवार को रांची मिलिट्री स्टेशन के जवानों ने शहीद जवान किशोर बाड़ा के पार्थिव शरीर को तिरंगे में लपेट कर उनके पैतृक घर तुरतुरी पानी लेकर आए। शहीद बेटे का शव घर पहुंचते हीं पूरे गांव में गमगीन हो गया। पैतृक गांव में परंपरागत मिस्सा अनुष्ठान के बाद मिलिट्री स्टेशन के जवानों ने शहीद जवान को अंतिम सलामी दी। अपने पिता को अंतिम सलामी देते हुए शहीद की छोटी बेटी एंजिला बाड़ा फफक का रो पड़ी। जिसे देख वहां मौजूद सभी लोगों के आंखे छलक पड़ी।

### बर्फ का पहाड़ वाहन में गिरने से गई शहीद किशोर की जान

रविवार को रांची मिलिट्री स्टेशन के जवानों ने शहीद जवान किशोर बाड़ा के पार्थिव शरीर को तिरंगे में लपेट कर उनके पैतृक घर तुरतुरी पानी लेकर आए। शहीद बेटे का शव घर पहुंचते हीं पूरे गांव में गमगीन हो गया। पैतृक गांव में परंपरागत मिस्सा अनुष्ठान के बाद मिलिट्री स्टेशन के जवानों ने शहीद जवान को अंतिम सलामी दी। अपने पिता को अंतिम सलामी देते हुए शहीद की छोटी बेटी एंजिला बाड़ा फफक का रो पड़ी। जिसे देख वहां मौजूद सभी लोगों के आंखे छलक पड़ी।

### घर का एकलौता बेटा था शहीद किशोर बाड़ा

जानकारी के अनुसार शहीद किशोर बाड़ा घर के इकलौते मर्द थे। उनकी पत्नी शाशिता बाड़ा रांची में नर्स का कार्य करती है। शहीद की तीन मात्र बेटियां हैं। सभी पढ़ाई करती हैं। शहीद किशोर भी पांच भाई बहनों में इकलौते भाई थे। बचपन में हीं इनके सिर से पिता का साया उठ गया था। बहनों ने काफी कठिनाई से इनको पढ़ा कर आर्मी की नौकरी तक पहुंचाया

### कोलेबिरा में तेज आंधी और ओलावृष्टि से जनजीवन अस्त-व्यस्त



**कोलेबिरा।** प्रखंड में तेज आंधी और हल्की ओलावृष्टि ने तबाही मचा दी है।लगातार खराब हो रहे मौसम के कारण किसानों की फसलें बर्बाद हो रही हैं, जिससे उनकी मेहनत पर पानी फिर गया है। खेतों में लगी फसलें आंधी और ओलावृष्टि के कारण बिछ गई हैं, जिससे किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर,आंधी-तूफान और बारिश के कारण क्षेत्र में बिजली आपूर्ति भी बाधित हो गई है। तेज हवाओं और बारिश के चलते बिजली के खंभों और तारों में फॉल्ट हो गया है, जिससे ग्रामीणों को अंधेरे में रातें गुजारनी पड़ रही हैं। बिजली विभाग के कर्मचारी फॉल्ट ठीक करने में जुटे हुए हैं, लेकिन खराब मौसम के चलते काम में बाधा आ रही है।स्थानीय लोगों का कहना है कि मौसम विभाग द्वारा पहले से कोई चेतावनी नहीं दी गई थी, जिससे लोग अचानक आई इस आपदा के लिए तैयार नहीं थे। प्रशासन से प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की मांग की जा रही है।मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले कुछ दिनों में भी मौसम खराब रहने की संभावना है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे सुरक्षित स्थानों पर रहें और जरूरत पड़ने पर ही घर से बाहर निकलें।

### सीसीटीवी बढ़ाने के लिए कोलेबिरा व्यापारी संघ के द्वारा थाना को दी गई सहयोग राशि



**कोलेबिरा।** व्यापारी संघ कोलेबिरा के द्वारा प्रखंड मुख्यालय में आम ग्रामीण एवं व्यापारियों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरा की संख्या बढ़ाने हेतु पुलिस प्रशासन कोलेबिरा को सहयोग राशि प्रदान की गई. विदित हो कि प्रखंड मुख्यालय में 5-6 जगह सीसीटीवी कैमरालगे हुए हैं. बीच-बीच में लंबा गैप होने के कारण कुछ जगह सुनसान हो जाते हैं. अतः उन जगहों को सुरक्षित करने हेतु पुलिस प्रशासन से विचार विमर्श के उपरांत सीसीटीवी कैमरा की संख्या बढ़ने पर सहमति बनी. इसी क्रम में कोलेबिरा व्यापारी संघ के अध्यक्ष संजीत कुमार के नेतृत्व में कोलेबिरा थाना प्रभारी को 35 हजार रुपए नगद सौंपे गए.मौके पर उपस्थित अध्यक्ष महोदय ने थाना प्रभारी कोलेबिरा से अनुरोध किया कि प्रखंड में कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने के लिए जो भी सहयोगात्मक रवैया हो सके उसके लिए वह प्रयत्न करें.थाना प्रभारी ने भी व्यापारी संघ कोलेबिरा को धन्यवाद देते हुए पुलिस प्रशासन के पूर्ण सहयोग की बात कही. मौके पर व्यापारी संघ के पदाधिकारी चंदन कुमार, सुबोध कुमार, इम्तियाज आलम और अन्य उपस्थित थे।

### सरहुल पुजा की गई तैयारी को लेकर किया गया बैठक

**कोलेबिरा।** आदिवासी लोहरा समाज प्रखंड इकाई कोलेबिरा का एक बैठक रविवार को प्रखंड महासचिव अशोक इंदवार की अध्यक्षता में किया गया।सरहुल पुजा सह शोभा यात्रा का सफल आयोजन के संचालन के लिए समिति का गठन करते हुए महिपाल इंदवार को अध्यक्ष एवं दशरथ लोहरा को चंदा प्रभारी बनाया गया।बैठक को संबोधित करते हुए अशोक इंदवार ने कहा कि 01 अप्रैल 2025 को कोलेबिरा के नावाटोली बगीचा में सरहुल पर्व के अवसर पर कोलेबिरा प्रखंड के सभी पंचायत के लोहरा समाज के माताएं बहने पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण उपस्थित होंगें और विधि - विधान के साथ मां सरना का पुजा करनें के बाद नवाटोली बगीचा से सरहुल शोभा यात्रा कोलेबिरा सरना स्थल तक जाएगी।संस्कृति और लोकाचार से ही हमारे समाज कि पहचान है हमे इसे संरक्षण करने के लिए सभी को आगे आना होगा। नवाटोली पंचायत मुखिया ने कहा कि नशापान से दुर होकर अपने बच्चों कि शिक्षा पर विशेष रुप ध्यान देने कि जरुरत है समाज के लोग जागरूक और जिम्मेदार बनकर अपने हक और अधिकार के लिए संगठित हो। इस अवसर पर बीरबल लोहरा, बैजनाथ लोहरा,पतिमबर लोहरा,रिंकी कुमारी,सीता देवी ,सरोज देवी, बसंती देवी,संदीप केरकेट्टा के अलावा समाज के अन्य लोग उपस्थित थें।

### झामुमो नेता फिरोज अली ने भटके हुए बच्चे को परिजनों से मिलाया

**कोलेबिरा।** बीती रात्रि एक बच्चा भटकते हुए कोलेबिरा प्रखंड क्षेत्र के लसिया पहुंच गया था।रोजा के उपरांत झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्र समिति सदस्य फिरोज अली की नजर बच्चे पर पड़ी काफी पूछने पर बहुत मुश्किल से अपना नाम समीर डुंगडुंग पता ग्राम एला थाना बानो बताया तत्पश्चात फिरोज अली के द्वारा इसकी सूचना राष्ट्रीय नवीन मेल के कोलेबिरा संवाददाता अनुज कुमार साहू को दी गई। उक्त बच्चा का नाम समीर नायक,पिता-लालू नायक गांव एला हरिजन कॉलोनी निवासी हैं लेकिन फिलहाल वे लोग खटखुरा के अगल बगल रहते हैं।बच्चे का मानसिक स्थिति थोड़ा ठीक नहीं है वो बानो प्रखंड क्षेत्र के एला से पैदल भटकते हुए लसिया पहुंचा था,रात्रि में ही परिजनों से संपर्क हो गया था लेकिन देर रात होने के कारण खाना पीना खिलाकर फिरोज अली बच्चे को अपने पास ही रखे और आज सुबह परीजनों को बच्चा सौंप दिया।

## रामनवमी प्रबंधन समिति तामड़ा की हुई बैठक ,अध्यक्ष बने अमृत केशरी

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** सदर प्रखंड अंतर्गत तामड़ा देवी मंदिर प्रांगण में रामनवमी पर्व को मद्देनजर रखते हुए सुंदर साव की अध्यक्षता में रामनवमी प्रबंधन समिति तामड़ा बैठक का आयोजन किया गया ।बैठक में गत वर्ष रामनवमी की आय व्यय संबंधित कोषाध्यक्ष के द्वारा द्वारा प्रस्तुत की गई । मौके पर सर्व समिति से बैठक में कहा गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम के साथ 6 अप्रैल को रामनवमी का पर्व मनाया जाएगा। दौरान बताया गया कि रामनवमी पर्व में महावीरी झंडा के साथ शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा जिसमें पाकरटांड प्रखंड के भेलवाडीह, घाघरा, अंधारीखमन ,जपकाकोना सहित आसपास गांव के लोग जुलूस में शामिल होंगे जिनका भव्य तरीके से स्वागत किया जाएगा। रामनवमी से दो दिन पूर्व विभिन्न प्रकार के वादन एवं अस्त्र-शस्त्र परिचालन की प्रतियोगिता का आयोजन की जाएगी जिसमें आसपास के कई गांव के प्रतिभागी शामिल होंगे।साथ ही बताया गया कि 25 मार्च को संध्या 7:00 बजे अस्त्र-शस्त्र पूजन एवं मंगलवारी जुलूस का आयोजन किया जाएगा। वहीं आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति का गठन किया गया जिसमें सर्व समिति से रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष के रूप में अमृत केसरी ,उपाध्यक्ष विजय केशरी, मनोज केशरी एवं सचिव विश्वनाथ मिश्र, उप सचिव संजय केसरी, रघुवंश केसरी, कोषाध्यक्ष सतीश केशरी छठकु केसरी उप कोषाध्यक्ष सोनू केसरी, जबकि संरक्षक पुनीत साव ,अशोक कुमार गुप्ता ,सुभाष साव,सूरज साव, अशोक केशरी को बनाया। जबकि सदस्य के रूप में श्रीकांत गुप्ता, पंकज केशरी, रतन सिंह, मनोज केशरी ,ईश्वर सिंह ,राहुल कैथवार, पुनीत राय ,विकास साहू ,पवन राय दीपक केशरी, धनंजय केशरी, राजेंद्र केशरी ,सन्तोष साहू ,अजय बैठा, राहुल मिश्रा एवं गांव के सभी युवाओं को सदस्य बनाया गया। बैठक में गांव के सभी लोग उपस्थित थे।

### हवन पूजन एवं नगर भ्रमण के साथ दो दिवसीय अखण्ड हरि कीर्तन का हुआ समापन



**बानो।** प्रखंड के सिम्हातु में दो दिवसीय अखंड हरि कीर्तन सह यज्ञ महोत्सव का समापन पुर्णाहुति व नगरभ्रमण के साथ संपन्न हुआ।अखंड हरि कीर्तन मे बोरोसेता, चंदनटोली,सिम्हातु, महाबुआंग,जलडेगा के कीर्तन मंडली ने भाग लिया। पुर्णाहुति व नगर भ्रमण कार्यक्रम के बाद भंडारा किया गया।नगर भ्रमण मे विभिन्न देवी देवता का वेव धरे लोग शामिल हुए।भंडारा मे काफी संख्या मे महिला व पुरूष ने भाग लिया।इस अवसर पर अखंड हरी कीर्तन पूजा समिति सिम्हातु जीतेंद्र बडाइक,केश्वर बडाइक, भोलाराम बडाइक,चंद्रपाल सिंह,पारस सिंह,दीपक बडाइक,कृष्णा बडाइक, चंद्रमोहन बडाइक,प्रदीप बडाइक,कलिद्र बडाइक,एतो बडाइक,मगो बडाइक,रतन बडाइक,युधिष्ठिर बडाइक, गणेश बडाइक, देवनरायण दास, अखिलेश दास के अलावा अन्य लोगो की अहम भुमिका रही।

### बानो प्रखंड के प्रखंड कार्यालय सभागार में जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों की बैठक हुई



**बानो।** प्रखंड सभागार में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी की अध्यक्षता में प्रखंड क्षेत्र के जन वितरण प्रणाली दुकानदारों की मासिक समीक्षा बैठक हुई।बैठक में ई केवाईसी के विशेष अभियान जो की 21 से 27 मार्च तक चलाया जा रहा है उसको लेकर विशेष चर्चा हुई। ई केवाईसी अभियान की शुरुआत भी की गई।अपने नजदीकी जन वितरण प्रणाली के दुकान में जाकर प्रखंड क्षेत्र के सभी लाभुक इकेवाईसी करा लें इसे अति आवश्यक समझें।ई केवाईसी करने की अंतिम तिथि 31 मार्च है जो भी लागू की केवाईसी नहीं करेंगे उनका राशन कार्ड से नाम स्वतः हट जाएगा।बैठक में अभियान पर चर्चा की गई सभी दुकानदारों को बताया गया कि वैसे लाभुक सदस्य जिनकी मृत्यु हो गई है उनका नाम राशन कार्ड से हटाए और जो नए सदस्य नहीं जुड़ पाए हैं उनका राशन कार्ड में नाम जोड़े तथा जो भी लाभुक पलायन कर गए हैं राशन डीलर उनसे संपर्क कर उन्हें केवाईसी कराने को कहें वैसे लाभुक जहां कहीं भी हैं वहां के नजदीकी जन वितरण प्रणाली के दुकान में जाकर अपना ई केवाईसी कर सकते हैं।बैठक में ग्रीन कार्ड,चना दाल,नमक,पीएचएच चावल,सोना सोबरन धोती साड़ी सहित विभिन्न खाद्यान्न वितरण प्रणाली की समीक्षा की गई।बैठक में गत माह में लाभुकों को वितरण किए गए अनाज की भी समीक्षा की गई।समीक्षा के उपरांत सभी जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों को सही समय पर खाद्यान्न वितरण करने का निर्देश दिया गया।

## संस्कार और मूल्य अधारित शिक्षा देती है शिशु विद्या मंदिर : दीपक

**नवीन मेल संवाददाता**



**कोलेबिरा।** विवेकानंद शिशु विदया मंदिर में रविवार को पुर्ववर्ती छात्र समागम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूर्व मुखिया संजु देवी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रुप से दीपक अग्रवाल रिंकू, विकास साहू, श्री हरि वनवासी कल्याण केंद्र के प्रांत शिक्षा प्रमुख सुभाष चंद्र दूबे और सह मंत्री राजेश अग्रवाल, जिला निरीक्षक दीन बंधु उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती, भारत माता और ओमकार के तस्वीर के समक्ष दीप जलाकर और पुष्प अर्पण कर किया। मौके पर दीपक रिंकू ने अपने संबोधन में कहा कि संस्कार युक्त शिक्षा देना ही शिशु विदया मंदिर का उददेश्य है। उन्होंने कहा कि लचरागढ़ स्थित विवेकानंद शिशु विदया मंदिर वर्ष 1980 से लगातार शिक्षा का अलख जगा रहा है और स्कूल के कई छात्र डॉक्टर, इंजिनियर, शिक्षक, व्यापारी आदि के रुप में समाज की सेवा कर रहे है। उन्होंने कहा कि गुणवता पूर्ण शिक्षा के साथ छात्रों को मुल्य अधारित शिक्षा दी जाती है। छात्रों को राष्ट्र प्रेम के लिए प्रेरित किया जाता है। इसके अलावे देश के पुरातन संस्कृति, संस्कार, विचार, परम्परा के प्रति भी समर्पण सिखाया जाता है। कार्यक्रम में 23 मार्च को शहीद हुए भगत सिंह, सुखदेव और राज गुरु को भी याद करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत विदयालय परिवार के द्वारा अंग वस्त्र और महापुरुषों की तस्वीर देकर की गई। स्कूल के छात्र छात्राओं के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति की गई। श्रवण कुमार पर निकाली गई झांकी को काफी सराहना मिली। कार्यक्रम का समापन स्कूल के प्राचार्य राजेंद्र साहू के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। मौके पर रविंद्र सिंह, अधिवक्ता प्रदुमन सिंह, शिव सिंह, भुवनेश्वर साहू, विष्णु महतो, संजय साहू, विकास साहू, संजय अग्रवाल, रिकी अग्रवाल, आनंद कोठारी, प्रवीण साहू, राजकुमार साहू, पवन अग्रवाल, विनय अग्रवाल, अरुणा साहू, सुमन अग्रवाल, रेणु साहू, खुशबू मिश्रा सहित कई लोग उपस्थित थे।

**पुर्ववर्ती छात्रों ने साझा किए अपने अनुभव**

कार्यक्रम में स्कूल के कई पुर्ववर्ती छात्रों ने अपने अनुभव को साझा करते हुए वर्तमान छात्रों को प्रेरित किया। पुर्व छात्र भुवनेश्वर साहू, अरुणा साहू, सुमन अग्रवाल, खुशबू मिश्रा आदि ने अपने स्कूल के समय के यादों को बताते हुए कहा कि स्कूल से मिले संस्कार आज जीवन में आगे बढ़ने में काफी मदद कर रहे है। पूर्व छात्र विकास साहू ने कहा कि शिशु विदया मंदिर ने जो संस्कार दिए वहीं संस्कार आज सफल जीवन में मददगार साबित हुआ है।

### महाबुवांग थाना में रामनवमी व सरहुल पर्व को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



**बानो।** प्रखण्ड के महाबुवांग थाना में रामनवमी व सरहुल पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी अमरनाथ कुमार सोनी की अध्यक्षता में हुई । थाना प्रभारी अमरनाथ कुमार सोनी ने कहा सरहुल व रामनवमी का पर्व शांति व सौहार्दपूर्ण रूप से मनाएं । रामनवमी का पर्वअसत्य पर सत्य की जीत है।रामनवमी का जुलूस शांति पूर्वक निर्धारित मार्ग पर ले जाएं।ध्यान रहें झंडा सम्भाल कर चले ।मार्ग में कही-कहीं बिजली के तार होंगे ।सावधानी बरतें। किसी तरह के अफवाह पर ध्यान न दे।सोसल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट न करें। दो पहिया वाहनों के चालक हमेशा हेलमेट पहन कर चले ।मौके पर पूर्व प्रमुख जॉर्ज महतो ,जुनास कंडुलना, सुकरा डुंगडुंग, रुबेन बुढःराजेंद्र नायक ,सुदामा सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

